# सामाजिक समाचार

**तहसील सभा चाकसू एवं जांगिड ब्राह्मण विकास समिति चाकसू के तत्वावधान में चतुर्थ आदर्श सामूहिक विवाह सम्मेलन (अक्षय तृतीया) 18 अप्रैल, 2018 को आयोजित किया जाएगा**

तहसील सभा चाकसू एवं जांगिड ब्राह्मण विकास समिति चाकसू (जयपुर) के तत्वावधान में (अक्षय तृतीया) दिनांक 18 अप्रैल, 2018 को चतुर्थ आदर्श सामूहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन शीतला माता चाकसू, जिला जयपुर में किया जाएगा। समिति द्वारा जोड़ा पंजियन राशि 21000/-रु. प्रत्येक वर-वधु पक्ष से ली जाएगी तथा भतई पक्ष प्रत्येक वर-वधु पक्ष से 3100/-रु. रखा गया है। जोड़ा पंजियन की अंतिम तिथि 31 मार्च, 2018 है तथा समिति द्वारा 51 जोड़ों का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। अत: अधिक से अधिक समाज बन्धु सम्मेलन में उपस्थित होकर इसे सफल बनाए। सामूहिक विवाह सम्मेलन में लगन संस्कार से पाणिग्रहण संस्कार तक सभी कार्यक्रम वैदिक स्थल पर ही सम्पन्न कराए जाएंगे। अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क सूत्र:-

सामूहिक सम्मेलन अध्यक्ष श्री नाथूलाल जांगिड (रूपवास वाले) 9928295713, विकास समिति अध्यक्ष चाकसू श्री जगदीश प्रसाद जांगिड (स्वामी का बास) 9928956697, तहसील अध्यक्ष चाकसू श्री बाबूलाल जांगिड (बरखेड़ा) 9928151589, सामूहिक विवाह सम्मेलन महामंत्री श्री प्रभुलाल जांगिड (गरूड़वासी) 7240535689, सामूहिक विवाह सम्मेलन कोषाध्यक्ष श्री रमेश चन्द्र जांगिड (हनुतिया) 9928257584, सामूहिक विवाह सम्मेलन मंत्री श्री भागचन्द जांगिड (चाकसू) 9829630680

**जांगिड अधिवक्ता संघ जोधपुर द्वारा राष्ट्रीय प्रधान महासभा का सम्मान**

27 दिसम्बर, 2017 को जांगिड अधिवक्ता संघ जोधपुर की ओर से अखिल भारतीय जांगिड ब्राह्मण महासभा दिल्ली के नवनिर्वाचित राष्ट्रीय प्रधान श्री रविशंकर जांगिड के जोधपुर आगमन पर भव्य स्वागत व अभिनन्दन किया।

जांगिड अधिवक्ता संघ के महासचिव श्री भारत भूषण शर्मा के बताए अनुसार समाज में बढ़ रही सामाजिक कुरीतियों व बुराइयों सहित बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ का संकल्प लिया। राष्ट्रीय स्तर पर कन्याभ्रूण हत्या का विरोध करना तथा समाज के लोगों को जागृत करने का संकल्प लिया। अभियान के समर्थन में राजस्थान हाईकोर्ट परिसर स्थित विश्वकर्मा चैम्बर में जांगिड समाज के अधिवक्ताओं की बैठक आयोजित की गई। प्रदेशाध्यक्ष श्री लखन शर्मा द्वारा भी इस विषय पर सम्बोधित किया जिसमें मुख्यतया घूंघट प्रथा, दहेज प्रथा, बाल विवाह, विधवा विवाह जैसे मुद्दे थे तथा उनका भी स्वागत-सम्मान भी किया गया।

बैठक में पूर्व अतिरिक्त महाधिवक्ता रामेश्वर लाल जांगिड, रामसुख शर्मा, जसवंत सुथार, कैलाश जांगिड, हरीश जांगिड, दीपक जांगिड, राकेश शर्मा, दुर्गेश शर्मा, विकास शर्मा, दिनेश शर्मा, नरेश शर्मा, पूनाराम बरनेला (पंचमुखी विश्वकर्मा), एम.डी. शर्मा (आयुषी बिल्डर्स), डॉ. कमला आसदेव, ईश्वर जांगिड, नरेश दम्भीवाल, गौरीशंकर जांगिड, भारत भूषण शर्मा, रामदेव जांगिड, महेश माकड़, लक्ष्मीकान्त शर्मा सहित अनेक अधिवक्ताओं ने शिरकत की।

**तहसील सभा चाकसू एवं जांगिड ब्राह्मण विकास समिति चाकसू के तत्वावधान में कुरुतियों विशेषकर मृत्युभोज पर निर्णय लिया**

11 दिसम्बर, 2017 को जांगिड समाज धर्मशाला शीतला माता चाकसू में तहसील सभा चाकसू एवं जांगिड ब्राह्मण विकास समिति चाकसू के तत्वावधान में विचार-विमर्श हेतु एक मीटिंग का आयोजन किया, जिसकी अध्यक्षता तहसील अध्यक्ष बस्सी श्री मुकेश जांगिड झाझवाड़ द्वारा की गई। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष जयपुर श्री घनश्याम पंवार, पूर्व जिलाध्यक्ष जयपुर श्री नवल किशोर शर्मा, कार्यकारी अध्यक्ष जिला सभा जयपुर श्री हनुमान सहाय कोलाया, तहसील अध्यक्ष फागी श्री घासीलाल जांगिड, पूर्व तहसील अध्यक्ष श्री लल्लूलाल मेदरिया, तहसील अध्यक्ष कोटखावदा श्री नाथूलाल जांगिड तथा जिला सभा जयपुर, तहसील सभा फागी, तहसील सभा कोटखावदा, सांगानेर, बस्सी एवं चाकसू क्षेत्र से पदाधिकारीगण एवं समाज बन्धुओं सहित लगभग 400 समाज बन्धुओं की उपस्थिति रही। विचार-विमर्श कुरुतियों पर किया एवं निम्न निर्णय लिए।

* सभी समाज बन्धु अपने नाम के आगे शर्मा के साथ (जांगिड) अंकित करें।
* मांगलिक एवं विशेष अवसरो पर मन्दिरों एवं प्याऊ हेतु केवल नगद राशि ही भेंट स्वरूप दी जाए, बर्तन देना बन्द करें।
* मृत्युभोज पर कम से कम खर्च करें। मरणोपरान्त ओढ़ाने वाले वस्त्र मृतक के पीहर (ससुराल) वाले ही लावें। अन्य रिश्तेदार सम्मान स्वरूप नारियल लेकर आएं। तीये की बैठक में चिट्ठी (शोक-संदेश) देना बन्द किया जावे।
* अपने निकटतम् रिश्तेदार व प्रियजनों को आमंत्रित करने के लिए तीये की बैठक के दूसरे दिन से शोक-संदेश व मोबाइल द्वारा सूचित करें।
* मृत्युभोज में लहण (बर्तन) वितरण नहीं किए जावें।
* मृत्युभोज में कपड़ा/प्लेट मृतक के पीहर/ससुराल वाले ही लाए, अन्य बेटे, पोते के ससुराल वाले नहीं लाएं।
* गंगा जी/हरिद्वार जाने वालों में केवल क्रियाकर्म व शीशी पूजन कराने वाले के ससुराल एवं मृतक के पीहर ससुराल के ही बेस लिए जावें अन्य साथ जानेवालों को 10/-रु. सम्मान बतौर दिया जाए।
* पगड़ी दस्तूर के अवसर पर अधिक से अधिक 101/-रु. दिए-लिए जावें। यह समाज के उन्नति के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है।

**जांगिड ब्राह्मण समाज, बास सांगानेर द्वारा पौष बड़ा एवं सम्मान समारोह सम्पन्न**

30 दिसम्बर, 2017 को जांगिड ब्राह्मण समाज बास सांगानेर (मन्दिर श्री केशोराय जी मुरली मनोहर जी श्री सीताराम जी) मन्दिर

सीताराम जी, बाबा हरिशचन्द्र मार्ग, जयपुर में पौष बड़ा महोत्सव एवं सम्मान समारोह आयोजित किया गया।

मंचासीन अतिथियों में अ.भा.जां.ब्रा. महासभा दिल्ली के नवनिर्वाचित प्रधान श्री रविशंकर शर्मा (जांगिड), नवनिर्वाचित प्रदेशाध्यक्ष राजस्थान श्री लखन शर्मा, श्री घनश्याम पंवार जिलाध्यक्ष जयपुर एवं श्री रामसहाय जांगिड (डिब्बे वाले) अध्यक्ष जांगिड ब्राह्मण समाज बास सांगानेर थे।

सभी अतिथियों का माल्यार्पण कर साफा बन्धवाकर अध्यक्ष श्री रामसहाय जांगिड, महामंत्री श्री डालचन्द धामा, कोषाध्यक्ष श्री नवेन्दु कुमार दायमा, श्री राजेन्द्र पंवार वरिष्ठ उपाध्यक्ष, श्री प्रवीण जिठावा वरिष्ठ उपाध्यक्ष, श्री योगेश पंवार कार्यालय मंत्री, श्री मालीराम जांगिड, श्री ओमप्रकाश मोरीवाल सलाहकार द्वारा सम्मानित किया गया।

मंच संचालन महामंत्री डालचन्द धामा द्वारा किया गया। इस अवसर पर महासभा प्रधान श्री रविशंकर शर्मा, प्रदेशाध्यक्ष श्री लखन शर्मा, जयपुर जिलाध्यक्ष श्री घनश्याम पंवार द्वारा अपना उद्बोधन दिया, जिसमें सभी ने जांगिड ब्राह्मण समाज बास सांगानेर की कार्यकारिणी की तारीफ की, जिन्होंने यह कार्यक्रम आयोजित किया। नवनिर्वाचित प्रधान एवं प्रदेशाध्यक्ष राजस्थान द्वारा उपस्थित एवं सभी समाज बन्धुओं का अपना सहयोग देने पर आभार प्रकट किया। मन्दिर में निर्माण के लिए सभी समाज बन्धुओं से जो भी स्वेच्छा से सहयोग दे सहर्ष स्वीकार करना चाहिए और मन्दिर भवन निर्माण को शीघ्र तैयार करवाएं।

इस अवसर पर समाज के प्रबुद्धजनों में श्री प्रभाती लाल अध्यक्ष टीबा का बास, श्री लल्लूलाल आसलिया अध्यक्ष कालुण्डिया बास, श्री पुरुषोत्तम, श्री गोपाल राजोतिया, श्री भगवान सहाय रावत टीबा का बास, श्री श्याम सुन्दर जालुण्डिया महामंत्री कुबेर समिति, श्री आर.डी. शर्मा, श्री कैलाश शर्मा पूर्व कोषाध्यक्ष महासभा, श्री कैलाश पूर्व अध्यक्ष सोडाला समिति, श्री कैलाश बिसायती विश्वविद्यालय, श्री भगवान सहाय कडबाणिया ब्लॉक अध्यक्ष किशनपोल, श्री सुरेन्द्र कासलीवाल वरिष्ठ उपाध्यक्ष जिला सभा, श्री सत्यनारायण, श्री रमेश जायलवाल, श्री रतनचन्द्र शर्मा प्रोजेक्ट इंजीनियर, श्री हनुमान सहाय कड़वाणिया, श्री दिनेश कड़वाणिया, श्री रमेश रोड़वाल, श्री लक्ष्मीनारायण, श्री कन्हैयालाल तालचड़िया, श्री मालीराम जांगिड (मंगलम् ग्लास), श्री ओमप्रकाश मोरीवाली कर्मचारी समिति, श्री पी.एन. शर्मा बी.एस.एन.एल., श्री ओमप्रकाश शर्मा से.नि. इन्कम टैक्स, श्री आर.पी. शर्मा सम्पादक विश्वकर्मा टूडे, श्री हरिराम जांगिड दीप विश्वकर्मा, श्री पी.डी. हर्षवाल आदि सैंकड़ों समाज बन्धु उपस्थित हुए। अन्त में अध्यक्ष श्री रामसहाय जांगिड द्वारा सभी का आभार प्रकट किया।

सभी समाज बन्धुओं ने पौष बड़ा प्रसादी का आनन्द लिया।

### श्री विश्वकर्मा जांगिड समाज विकास समिति भीलवाड़ा के तत्वावधान में श्री विश्वकर्मा जयंती महोत्सव 28-29 जनवरी, 2018 को

28-29 जनवरी, 2018 को श्री विश्वकर्मा जांगिड समाज विकास समिति भीलवाड़ा के तत्वावधान में श्री विश्वकर्मा जयंती महोत्सव श्री विश्वकर्मा मन्दिर जांगिड ब्राह्मण समाज भवन, संजय कॉलोनी, नेहरू रोड़, सांगानेरी गेट के पास निर्माणाधीन श्री विश्वकर्मा जांगिड ब्राह्मण समाज कन्या छात्रावास भीलवाड़ा में मनाया जाएगा।

28 जनवरी को प्रातः 9.15 बजे अभिषेक, 10.15 बजे हवन एवं कथा का आयोजन तथा सायं 7 बजे श्री विश्वकर्मा भगवान की आरती, भजन-कीर्तन तथा रात्रि जागरण का आयोजन होगा।

29 जनवरी को प्रातः 5 बजे मंगला आरती (विश्वकर्मा मन्दिर में), प्रातः 9 बजे वाहन रैली श्री विश्वकर्मा मन्दिर से, प्रातः 9.30 बजे शोभा यात्रा विश्वकर्मा मन्दिर से कन्या छात्रावास, दोपहर 12.30 बजे रक्तदान शिविर कन्या छात्रावास, दोपहर 1.30 बजे सामाजिक सम्मेलन, दोपहर 2 बजे प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को पारितोषिक वितरण, दोपहर 2.30 बजे भोजन प्रसादी (कन्या छात्रावास), सायं 6 बजे श्री विश्वकर्मा जी की आरती एवं महोत्सव समापन।

21 जनवरी, 2018 को निबंध प्रतियोगिता प्रातः 10 बजे होगी, जिसमें ''समाज में शिक्षा का महत्व'' कक्षा 6 से 10वीं तक के विद्यार्थियों के लिए विषय होगा तथा ''समाज में बालिका शिक्षा का महत्व'' विषय पर कक्षा 11 से कॉलेज तक के विद्यार्थियों के लिए निबंध का विषय होगा।

अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क सूत्र 9413861758, 9461264112, 9413355263, 9413054623, 9829338203

सभी समाज बन्धु सपरिवार पधार कर कार्यक्रम को सफल बनाएं।

### जांगिड सेवा समिति चौमूं (जयपुर) द्वारा स्कूल में जरूरतमंद बच्चों को स्वेटर वितरण किए

जांगिड सेवा समिति चौमूं (जयपुर) द्वारा राधा बाग स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में आयोजित समारोह में 51 जरूरतमंद बच्चों को गर्म-ऊनी स्वेटर उपलब्ध करवाए तो बच्चों के मुँह पर मुस्कान आ गई। इस अवसर पर श्री प्रहलाद पंवार अध्यक्ष, समिति के जिला संगठन मंत्री रामबाबू पंवार, श्री रामस्वरूप खटवाड़िया पूर्व अध्यक्ष, श्री मामराज डेरोलिया सहित कई समाज बन्धु रसिक सहवाल, मुकेश पंवार, अरविन्द पंवार, कमल पंवार, जगदीश काला, पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष अरविंद यादव, देवदत्त राजोतिया, दिनेश खटवाड़िया, रामपाल हर्षवाल, कैलाश भादरिया, रामु गुलिया, भगवान आदि उपस्थित थे।

15 अगस्त को जांगिड सेवा समिति द्वारा जरूरतमंद विद्यार्थियों को गणवेश भेंट की जाएगी। हाल ही में समिति द्वारा बराला हॉस्पिटल चौमूं में भी मरीजों को दूध पिलाया। फल आदि का वितरण भी समिति द्वारा किया जाता रहा है। जांगिड सेवा समिति चौमूं सदैव इस प्रकार के जन सेवा के कार्य करती हुई आई है। इस अवसर पर कार्य कारिणी के सदस्य व पदाधिकारी उपस्थित थे।

### जांगिड सेवा संघ मुम्बई द्वारा आयोजित जांगिड क्रिकेट लीग टूर्नामेन्ट सम्पन्न

24 दिसम्बर, 2017 को जांगिड सेवा संघ मुम्बई द्वारा आयोजित एक दिवसीय जांगिड क्रिकेट लीग टूर्नामेन्ट कांदिवली के ठाकुर मैदान में सम्पन्न हुई, जिसमें जांगिड सेवा संघ के अध्यक्ष श्री मिताराम जांगिड, पूर्व

अध्यक्ष श्री हरिराम जांगिड, समाज सेवी श्री लक्ष्मण जांगिड, श्री रतनलाल जांगिड, श्री प्रहलाद शर्मा (खार) व श्री सांवरमल जांगिड (बोरीवली) की उपस्थिति में हर्षोल्लास से सम्पन्न हुई।

क्रिकेट प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि मुम्बई क्रिकेट एसोसिएशन के सहसचिव डॉ. पी.वी. शेट्टी व इण्डिया टीम के बल्लेबाज रोहित शर्मा के कोच दिनेश लाड़ का जांगिड सेवा संघ के पदाधिकारियों द्वारा शॉल ओढ़ाकर एवं पुष्प गुच्छ भेंटकर स्वागत किया। मुम्बई क्रिकेट एसोसिएशन सहसचिव डॉ. पी.वी. शेट्टी ने बधाई देते हुए कहा कि हार–जीत खेल का एक हिस्सा है और हर टूर्नामेन्ट में कोई एक टीम ही विजेता बनती है, लेकिन सबसे महत्वपूर्ण है टूर्नामेन्ट में भाग लेना। समाज के कार्यों में हर व्यक्ति को किसी न किसी प्रकार से अपना योगदान देना चाहिए, चाहे वो कोई भी क्षेत्र हो। टूर्नामेन्ट को शानदार बताया और बधाई देते हुए कहा कि समाज के खिलाड़ी राष्ट्रीय स्तर की टीम में अपनी जगह बनाने में सफल हों। समाज के खिलाड़ियों को कोचिंग सेवा देने के लिए अपनी इच्छा जताई।

इस अवसर पर जांगिड सेवा संघ मुम्बई के अध्यक्ष श्री मिताराम जांगिड ने अपना उद्‌बोधन दिया।

अतिथियों द्वारा टॉस करके कार्यक्रम की शुरुआत की और पहला मुकाबला थाने रोरिंग लायन्स की टीम और ग्रीनलेम डेकोवुड टीम के बीच हुआ, जिसमें रोरिंग लायन्स थाने ने जीत दर्ज की। समाज की 16 टीमों ने इसमें भाग लिया तथा कई रोमांचक मुकाबले देखने को मिले। फाइनल मैच रोरिंग लायन्स थाने व जांगिड रॉयल्स भायंदर के बीच हुआ, जिसमें रोरिंग लायन्स ने जीत अर्जित की तथा ट्रॉफी अपने नाम की। वहीं उपविजेता टीमको ट्रॉफी व पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया।

प्रतियोगिता में जांगिड सेवा संघ मुम्बई के कार्यकर्ता मनीष जांगिड, मनोज जांगिड, सांवरमल जांगिड, सुनील जांगिड और अनुपम जांगिड का महत्वपूर्ण सहयोग रहा। इस अवसर पर मुम्बई व उपनगर क्षेत्र से बड़ी संख्या में समाज के उद्यमी, समाज सेवी, खेल प्रेमी, प्रवासी संदेश पत्रकार प्रवीण सुथार आदि उपस्थित हुए। भोजन व्यवस्था आयोजकों द्वारा की गई। जांगिड क्रिकेट लीग के तीसरे संस्करण के आयोजक ग्रीन लेम इण्डस्ट्रीज लिमिटेड (डेकोवुड विनियर), महेश ट्रेडिंग कम्पनी (अल्ट्राटेक सिमेन्ट) सुमित ग्रुप, मनभरी कंस्ट्रक्शन, जे डेकोर्स (प्लाईवुड प्रिंस), एस.एम. नेटवर्क्स, सचिन कंस्ट्रक्शन, अमित कंस्ट्रक्शन, हाईटेक कंस्ट्रक्शन, जे एस एन कंस्ट्रक्शन, शांति इन्टरप्राइजेज, महिन्द्र एण्ड कम्पनी और ठाकुर स्टील ने आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

### यूथ पार्लियामेन्ट ऑफ इण्डिया द्वारा शहीद धर्मराम जाट के प्रतिमा अनावरण समारोह में "भारत श्री" सम्मान

21 दिसम्बर, 2017 को भारत का सम्मान और प्रतिष्ठा बढ़ाने में अदम्य साहस और शौर्य के धनी शहीद श्री धर्मराम जाट को यूथ पार्लियामेन्ट ऑफ इण्डिया मरणोपरान्त "भारत श्री" सम्मान उनके पैतृक गाँव तारातरा (बाड़मेर) में प्रतिमा अनावरण समारोह में यूथ पार्लियामेन्ट की चेयरपर्सन पार्वती जांगिड व भाजपा प्रदेशाध्यक्ष श्री अशोक परनामी, राजस्व मंत्री राजस्थान श्री अमराराम चौधरी, भाजपा बाड़मेर जिलाध्यक्ष श्री जालम सिंह रावलोत तथा हजारों लोगों की उपस्थिति में प्रदान किया गया। उनके सम्मान में बड़े भाई श्री विजाराम जाट ने यह सम्मान "भारत श्री" पदक ग्रहण किया। साथ ही वीरांगना श्रीमती हिमू देवी, माता श्रीमती अमरू देवी को राष्ट्र के सम्मान व प्रतिष्ठा बढ़ाने में बहुमूल्य योगदान के लिए "भारत श्री" सम्मान व पदक प्रदान किया गया।

इस भव्य समारोह में थल सेनाध्यक्ष श्री विपिन रावत की गरिमामयी उपस्थिति रही। यूथ पार्लियामेन्ट भारत की चेयरपर्सन पार्वती जांगिड ने देशवासियों से विनम्र अपील की कि भारत माँ की रक्षा करते शहीद हुए वीर जवानों तथा उनके माता–पिता एवं अमर वीर जवान शादीशुदा हैं तो उसकी वीरांगना को "भारत श्री" के सम्मान से सम्बोधित करें। यूथ पार्लियामेन्ट ऑफ इण्डिया द्वारा इसी तरह आगे भी शहीदों व उनके परिवार के सम्मान के लिए सम्मान समारोह कर "भारत श्री" सम्मान देने का सिलसिला जारी रहेगा।

### तहसील सभा खण्डार (सवाई माधोपुर) की नवगठित कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह सम्पन्न

24 दिसम्बर, 2017 को अ.भा.जां.ब्रा. महासभा जिला सभा सवाई माधोपुर के तत्वावधान में तहसील सभा खण्डार (सवाईमाधोपुर) की नवगठित कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन खण्डार में किया गया, जिसकी अध्यक्षता श्री हुकमचन्द शर्मा जिलाध्यक्ष सवाई माधोपुर द्वारा की गई। मंचासीन अतिथियों में पूर्व जिलाध्यक्ष सवाई माधोपुर श्री मूलचन्द जांगिड एवं श्री रामकिशोर जांगिड आलनपुर, तहसील अध्यक्ष बामणवास, तहसील अध्यक्ष गंगापुर सिटी, तहसील अध्यक्ष चौथ का बरवाड़ा आदि उपस्थित हुए।

श्री हुकमचन्द शर्मा जिलाध्यक्ष द्वारा गठित कार्यकारिणी एवं तह. अध्यक्ष श्री सत्यनारायण जांगिड को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलवाई। तह. अध्यक्ष श्री सत्यनारायण जांगिड, श्री गणपत लाल जांगिड खण्डार द्वारा सभी अतिथियों जिलाध्यक्ष, पूर्व जिलाध्यक्षों, तह. अध्यक्षों, युवा प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष श्री सरसलाल जांगिड एवं चुनाव अधिकारी का माल्यार्पण व साफा बंधवाकर सम्मानित किया।

मंच संचालन तहसील सभा के महामंत्री श्री हरिशंकर जांगिड द्वारा किया गया।

इस अवसर पर जिलाध्यक्ष द्वारा समाज में भाईचारा व प्रेम से एक जुट रहने व सद्भावना बरतने का संदेश अपने उद्‌बोधन में दिया।

नवनिर्वाचित तहसील अध्यक्ष द्वारा प्रायोजित भोजन के लिए सभी को आमंत्रित करते हुए सभी अतिथियों एवं समाज बन्धुओं का आभार प्रकट किया।

–ब्रह्म प्रकाश शर्मा (सवाईमाधोपुर)

### जांगिड फाउण्डेशन द्वारा "एक पहल फुटपाथ एवं झुग्गी वासियों के नाम" अभियान का किया शुभारम्भ

14 दिसम्बर, 2017 को जांगिड फाउण्डेशन की ओर से मानव सेवा को समर्पित "एक पहल फुटपाथ एवं झुग्गी वासियों के नाम" अभियान के तहत राजस्थान की मुख्यमंत्री श्रीमती वसुन्धरा राजे ने वस्त्र वितरण

वाहन को हरी झण्डी देकर रवाना किया। इस अभियान को जांगिड फाउण्डेशन टीम के अध्यक्ष श्री राजेश शर्मा (जांगिड मोटर्स, दिल्ली), सलाहकार आरएएस डॉ. मुकुट बिहारी जांगिड, श्री सतीश काला एवं श्री गणेश सुथार के निर्देशानुसार सप्ताह के दो दिन (शनिवार एवं रविवार) वस्त्र वितरण का कार्यक्रम तय किया हुआ है। वस्त्र संग्रहण एवं वितरण 2017 अभियान दिसम्बर से फरवरी 2018 तक चलेगा। जयपुर शहर के अलग-अलग स्थानों पर वस्त्र वितरित किए गए।

गुर्जर की थड़ी, मानसरोवर जयपुर, गवर्नमेन्ट हॉस्टल, मोती डूंगरी रोड़, पुलिस कमिश्नरेट, एम.आई. रोड़, जी.पी.ओ., गोपाल बाड़ी, जयपुर आगार, आगरा रोड़ जानकी देवी सैकण्डरी स्कूल में बच्चों को स्वेटर आदि जयपुर में वस्त्र संग्रहण एवं वितरण किया गया।

राजेश शर्मा के अनुसार मानव सेवा ही हमारा धर्म है।

जो भी संस्था या व्यक्ति इस अभियान का हिस्सा बनना चाहते हैं, उसका जांगिड फाउण्डेशन हार्दिक अभिनन्दन करता है। इसमें किसी प्रकार की कोई राशि नहीं ली जा रही है। अपनी ओर से जो भी कम्बल, स्वेटर, पेंट-शर्ट, सलवार सूट, साड़ियां, चप्पल, जूते एवं बच्चों के लिए पुराने एवं नए कपड़े देने के इच्छुक हों वो सम्पर्क कर सकते हैं। इस अवसर पर श्री हनुमान प्रसाद शर्मा गेटोर, श्री मोहन जांगिड जगतपुरा, श्री लोकेश जांगिड, श्री रामजस जांगिड सहित कई समाज बन्धुओं की उपस्थिति रही।

सम्पर्क सूत्र : विक्रम जांगिड (सचिव जांगिड फाउण्डेशन) मो. 9694919478

**टोडारायसिंह (टोंक) में युवक-युवती परिचय सम्मेलन सम्पन्न**

17 फरवरी, 2018 को जां.ब्रा. विश्वकर्मा मन्दिर विकास समिति एवं सामूहिक विवाह सम्मेलन समिति टोडारायसिंह के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित होने वाले प्रथम सामूहिक विवाह सम्मेलन के युवक-युवती परिचय सम्मेलन का कार्यक्रम 21 दिसम्बर, 2017 को नृसिंह मन्दिर (टोडारायसिंह) में श्री बंशीलाल कींजा केकड़ी के मुख्य आतिथ्य में तथा श्री बाबूलाल जांगिड देवड़ावास जिलाध्यक्ष टोंक की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ श्री सीताराम गोठवाल लावा द्वारा ध्वजारोहण के साथ हुआ। सम्मेलन में बूंदी, अजमेर, दूदू, जयपुर, फागी, पीपलू, टोंक, देवली, केकड़ी, किशनगढ़, ब्यावर, निवाई, मालपुरा, डिग्गी आदि से युवक-युवतियों का विवाह सम्मेलन के लिए पंजीयन किया गया। जोड़ा पंजियन राशि 21000/- रुपए रखे गए हैं। सम्मेलन में सहयोग करने वालों का मंच पर सम्मान किया गया। कार्यक्रम में जांगिड समाज के जिला संरक्षक श्योजीराम जांगिड दूनी, भैरू लाल जांगिड, गिरदावर टोंक, कृष्ण कुमार जांगिड महामंत्री पीपलू, पूर्व अध्यक्ष कैलाश चन्द जांगिड मालपुरा, तहसील अध्यक्ष घासीलाल जांगिड, पप्पू लाल देशमा आदि उपस्थित हुए। मंच संचालन सियाराम जांगिड कुरथल युवा जिलाध्यक्ष टोंक द्वारा किया गया।

सभी अतिथियों एवं भामाशाओं का सम्मान माल्यार्पण, साफा पहनाकर सम्मेलन संयोजक दुर्गालाल एवं रामअवतार पंवार मोर द्वारा किया गया।

**श्री जांगिड ब्राह्मण टीबा का बास सभा चौकड़ी घाट दरवाजा द्वारा पौषबड़ा एवं सम्मान समारोह सम्पन्न**

24 दिसम्बर, 2017 को श्री गणेश मन्दिर लुहारों का खुर्रा, जयपुर में श्री जांगिड ब्राह्मण टीबा का बास सभा चौकड़ी घाट दरवाजा द्वारा पौषबड़ा एवं सम्मान समारोह आयोजित किया गया।

समारोह में नवनिर्वाचित अ.भा.जां.ब्रा. महासभा दिल्ली के प्रधान श्री रविशंकर शर्मा (जांगिड), नवनिर्वाचित प्रदेशाध्यक्ष राजस्थान श्री लखन शर्मा, जयपुर जिलाध्यक्ष श्री घनश्याम पंवार, श्री सुभाष गोठड़ीवाल, सांगानेर बास अध्यक्ष श्री रामसहाय जांगिड, कालुण्डिया बास के अध्यक्ष श्री लल्लूलाल आसलिया, हीरापुरा के पूर्व अध्यक्ष श्री शंकर लाल लावण्डीवाल, आगरा-गोनेर रोड़ के पूर्व अध्यक्ष श्री रामकल्याण पालावाला, ब्लॉक सभा किशनपोल जयपुर क्षेत्र के अध्यक्ष श्री भगवान सहाय कड़वाणिया, कुबेर समिति की अध्यक्षा श्रीमती नीलम लांगड़ीवाल, क्षेत्रीय पूर्व पार्षद श्री अजय यादव एवं संरक्षक श्री जीवणराम पंवार आदि महानुभावों का टीबा के बास संस्था के पदाधिकारी, भूतपूर्व अध्यक्ष श्री मदनलाल राजोत्या, श्री गिरधारी लाल तालचड़िया, अध्यक्ष श्री प्रभाती लाल तालचड़िया, महामंत्री श्री रामस्वरूप मोरीवाल, कोषाध्यक्ष श्री बेनी प्रसाद जांगिड एवं टीबा के बास के पूर्व महामंत्री श्री गोपाल राजोत्या द्वारा माल्यार्पण, शॉल ओढ़ाकर व दुपट्टा भेंटकर भावभीना स्वागत किया गया।

कार्यक्रम में पधारे महानुभावों में श्री उमेश चिचावा, बुद्धि प्रकाश मोरीवाल, श्री श्रीलाल, श्री राधेश्याम तीतरवाड़िया, श्री गोपाल, श्री लल्लूलाल खिलगणियां, श्री सूरज बेंवाल, श्री रमेश जायलवाल, श्री सतीश राजोतिया, श्री कैलाश बिसायती, श्री देवकीनन्दन खुडाणिया, श्री नेमीचन्द जांगिड आदि उपस्थित हुए। श्री गणेश महाराज की आरती एवं जयकारों के साथ भोग लगाकर पंगत प्रसादी में पौषबड़ों का आनन्द लिया।

व्यवस्था श्री सत्यनारायण रावत, श्री कन्हैयालाल तालचड़िया, श्री पुरुषोत्तम राजोत्या, श्री रमेश खटवाड़िया, श्री लक्ष्मी नारायण चोयल व श्री छुट्टन राजोतिया द्वारा की गई।

**-राधेश्याम तीतरवाड़िया** (महामंत्री ब्लॉक सभा किशनपोल क्षेत्र)

**विश्वकर्मा युवा मित्र मण्डल द्वारा भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं युवा उद्यमी सम्मान समारोह सम्पन्न**

24 दिसम्बर, 2017 को कानन फार्म, मदर डेयरी, इन्दिरा ब्रिज के पास, एयरपोर्ट रोड़, अहमदाबाद में विश्वकर्मा युवा मित्र मण्डल अहमदाबाद द्वारा ऐतिहासिक एवं अभूतपूर्व भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम व युवा उद्यमी सम्मान एवं सामूहिक भोज समारोह सम्पन्न हुआ। जिसमें लगभग तीन हजार पांच सौ समाज बन्धुओं की उपस्थिति रही। युवा मित्र मण्डल के संयोजक श्री दिनेश कुमार जांगिड (सारंग) के अनुसार समारोह के मुख्य अतिथि श्री जोगाराम जांगिड आईएएस जयपुर थे तथा समारोह की अध्यक्षताश्री शंकर कुलरिया प्रसिद्ध युवा उद्यमी मुम्बई ने की। गुजरात सरकार के पूर्व मुख्य सचिव श्री जी.आर. आलोरिया, अतिविशिष्ठ अतिथि श्री भैरव सुथार युवा उद्यमी मुम्बई, श्री राजेश जांगिड युवा उद्यमी हैदराबाद, श्री श्याम सुथार युवा उद्यमी चैन्नई, श्री नेमीचन्द शर्मा समाज

सेवी एवं भामाशाह गांधीधाम, श्री राजेन्द्र शर्मा गो सेवा उदयपुर समाज के अध्यक्ष, श्री राज जांगिड फिल्म अभिनेता एवं श्री ताऊ शेखावाटी समाज के प्रसिद्ध कवि आदि मंचासीन हुए।

समारोह के प्रथम सत्र में 2 बजे महिलाओं और बालिकाओं के लिए रंगोली एवं मेहन्दी तथा म्युजिकल चेयर प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली प्रतिभागिनों को क्रमश: 3100, 2100, 1100 रु. के चांदी के मैडल प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस प्रतियोगिता में लगभग 250 से अधिक महिलाओं व बालिकाओं ने भाग लिया।

समारोह के द्वितीय सत्र में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम हुआ। इसमें पूर्व मंचासीन अतिथियों में श्री शंकर कुलरिया, श्री जोगाराम जांगिड संयोजक विश्वकर्मा युवा मित्र मण्डल, श्री दिनेश जांगिड "सारंग" आईआरएस एवं अतिथियों द्वारा भगवान विश्वकर्मा की तस्वीर के समक्ष माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर पूजा अर्चना की। गणेश वन्दना हुई। सांस्कृतिक कार्यक्रम पूर्णतया राजस्थानी परम्परा से जुड़ा था। समाज की बालिकाओं ने शुद्ध राजस्थानी गीतों पर लोक नृत्य की प्रस्तुतियाँ दीं। इस प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पाने वाले प्रतिभागियों को क्रमश: 5100, 4100, 3100 रु. के चांदी के मैडल प्रदान कर अतिथियों द्वारा सम्मानित किया गया। ये जानकारी विश्वकर्मा युवा मित्र मण्डल के संरक्षक श्री शशिकान्त द्वारा प्रदान की गई।

युवा मण्डल के अध्यक्ष श्री सुरेश शर्मा के नेतृत्व में युवा मित्र मण्डल टीम द्वारा अतिथियों का सम्मान किया गया। तत्पश्चात् युवा उद्यमी सम्मान समारोह में पांच ऐसे युवा उद्यमियों को भी सम्मानित किया गया जिन्होंने शून्य से शुरूआत कर अपने व्यापार को बुलंदियों तक पहुँचाया। ऐसे पांच उद्यमी थे श्री संजय पालड़िया, श्री शशिकान्त शर्मा, श्री राजेन्द्र जांगिड, श्री बजरंग जांगिड एवं श्री महेन्द्र शर्मा। सम्मान समारोह के पश्चात् हास्य कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया, जिसमें प्रसिद्ध हास्य कवि श्री ताऊ शेखावाटी ने उपस्थित जनसमूह का मनोरंजन किया।

हास्य कवि ताऊ शेखावाटी की कविताओं एवं रचनाओं का संग्रह ताऊशेखावाटी समग्र भाग-2 का अतिथियों द्वारा विमोचन किया गया। समारोह में मंच संचालन मुम्बई के युवा नेता श्री संजय बुढल द्वारा बखूबी किया गया।

इस अवसर पर समारोह में संजय बुढल युवा नेता मुम्बई, युवा वक्ता श्री प्रदीप कुमार सुथार, श्री शंकर जांगिड आईआरएस असिस्टेंट कमिश्नर (जी.एस.टी.) सूरत, श्री देवकरण जांगिड हैदराबाद, राजनेता श्री हरजीराम जांगिड, युवा कार्यकर्ता श्री नाथूराम सुथार, श्री मूल जी कुलरिया, श्री अमृतलाल माकड़, श्री पेमाराम जोपिंग, श्री मानाराम सुथार नवसारी, श्री नेमाराम सुथार, श्री मोहनलाल जांगिड गांधीधाम, श्री शंकर उबाना बड़ौदा से, श्री कजोड़मल जांगिड, श्री बलवंत शर्मा, श्री जगदीश प्रसाद, श्री बाबूलाल हर्षवाल, श्री रमेश चन्द शर्मा, श्री राजकुमार (डी.टी.ओ.), श्री धर्मेन्द्र सभी उदयपुर से, श्री ओमप्रकाश नागौर से, श्रीमती मिश्री जांगिड विश्वकर्मा युवा शक्ति (टोंक), श्री सूरजमल जांगिड (सेवदड़ा) राजसमंद, श्री विजयराज जांगिड जिलाध्यक्ष गांधीधाम, श्री गणेश जांगिड (जयपुर बेल्ट) जयपुर, श्री सुरेन्द्र शर्मा हुण्डई अहमदाबाद, श्री ओमप्रकाश जांगिड एवं श्रीमती सुमित्रा अहमदाबाद, श्री आर.पी. शर्मा सम्पादक विश्वकर्मा टूडे जयपुर, श्री गिरीश जांगिड अंगिरा वैभव जयपुर, श्री नरेश सुथार (सी.आई.) गांधीधाम, श्री विजयराज चौयल, चित्रकार ललित किशोर शर्मा जयपुर, अहमदाबाद से सभी गणमान्य समाज बन्धुओं सहित हजारों की संख्या में महिला, पुरुष, बच्चे उपस्थित हुए।

समारोह में राजेन्द्र शर्मा उदयपुर, पूर्व सचिव आलोरिया जी, श्री नेमीचन्द शर्मा (जांगिड), श्री सूरजमल जांगिड राजसमन्द, श्री राज जांगिड, श्री जोगाराम जांगिड मुख्य अतिथि समारोह, श्री शंकर कुलरिया (समारोह अध्यक्ष) द्वारा उद्बोधन हुआ, जिसमें सभी ने श्री दिनेश जांगिड "सारंग" संयोजक समारोह की भूरि-भूरि प्रशंसा की गई तथा इस अवसर पर पहली बार इतना भव्य कार्यक्रम हुआ, जिसमें महिलाओं की उपस्थिति पुरुषों से अधिक दिखाई पड़ी। कार्यक्रम सभी प्रकार सुव्यवस्थित रहा।

इस अवसर पर विश्वकर्मा युवा मित्र मण्डल के सदस्यों एवं पदाधिकारियों द्वारा संयोजक श्री दिनेश कुमार जांगिड का भी सम्मान किया। आर्टिस्ट श्री ललित किशोर शर्मा जयपुर द्वारा बनाया गया श्री दिनेश जांगिड का "पोट्रेट" भी इस अवसर पर प्रदान किया गया। समारोह में युवा मित्र मण्डल के सभी पदाधिकारीगण एवं सदस्य एक ही वेशभूषा में उपस्थित थे।

अन्त में श्री दिनेश जांगिड द्वारा सभी अतिथियों, समाज बन्धुओं का आभार प्रकट किया, जिन्होंने दूर-दराज से भी पहुँचकर समारोह की शोभा बढ़ाई। सभी पधारे समाज बन्धुओं को भोजन के लिए आमंत्रित किया।

## जांगिड ब्राह्मण सामूहिक विवाह आयोजन समिति कोटपूतली द्वारा 11 जोड़ों का सामूहिक सम्मेलन "फुलेरा दोयज" को

फुलेरा दोयज को जांगिड ब्राह्मण सामूहिक विवाह आयोजन समिति कोटपूतली द्वारा 11 जोड़ों का नि:शुल्क सामूहिक विवाह सम्मेलन कोटपूतली में किया जाएगा, जिससे जोड़े पंजीयन प्रारंभ हो गए। आयोजन समिति की बैठक कैप्टन हेमराज जांगिड की अध्यक्षता में हुई, जिसमें कार्यकारी अध्यक्ष हनुमान सहाय जांगिड, कोषाध्यक्ष श्री कैलाश, महामंत्री रोहिताश जांगिड सहित अनेक पदाधिकारीगण उपस्थित थे।

## जांगिड ब्राह्मण सेवा समिति सुजानगढ़ (चुरू) द्वारा विश्वकर्मा जयंती पर प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन

जांगिड ब्राह्मण सेवा समिति सुजानगढ़ (चुरू) द्वारा विश्वकर्मा जयंती पर प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया जाएगा। सभी छात्र-छात्राएं अपनी मार्कशीट (2017 परिणाम) 20 जनवरी, 2018 तक भिजवाने की व्यवस्था करें। मेहंदी व चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन 26 जनवरी, 2018 को जांगिड समाज भवन में दोपहर 2 बजे रखा गया है। इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाले प्रतियोगी अपना नामांकन 20 जनवरी, 2018 तक अवश्य करवाये। जिसमें जूनियर व सीनियर की उम्र क्रमश: 5 वर्ष से 14 वर्ष एवं 15 वर्ष से अधिक रखी गई है। सम्मान समारोह में न्यूनतम योग्यता कक्षा दसवीं में 70 प्रतिशत, कक्षा 12वीं में 70 प्रतिशत,

बी.ए./ बी.एससी./बी.कॉम. में 60 प्रतिशत, एम.ए./एम.एससी./ एम.कॉम. में 60 प्रतिशत प्रतिभावान छात्र-छात्रों के लिए रखी गई है। मार्कशीट विद्यालय व कॉलेज के प्रधानाध्यापक एवं प्राचार्य द्वारा सत्यापित प्रस्तुत करना अनिवार्य है।

**जांगिड ब्राह्मण समाज धर्मशाला नई नाथ धाम बांसखोह (बस्सी) द्वारा प्रथम सामूहिक विवाह सम्मेलन 24-25 मार्च, 2018 को**

अ.भा.जां.ब्रा. महासभा, जांगिड ब्राह्मण समाज धर्मशाला समिति नई नाथ धाम बांसखोह, तह. बस्सी, जिला जयपुर द्वारा प्रथम सामूहिक विवाह सम्मेलन 24-25 मार्च, 2018 (राम नवमी) को जांगिड ब्राह्मण समाज धर्मशाला नई नाथ धाम बांसखोह (बस्सी) में होगा।

विशेष जानकारी के लिए सम्पर्क सूत्र : 9887221901, 9772550977

**जांगिड समाज हस्तकला सेवा समिति राज., जयपुर के तत्वावधान में विश्वकर्मा जयंती पर रात्रि जागरण एवं प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन**

28-29 जनवरी, 2018 को विश्वकर्मा जयंती के उपलक्ष्य में जांगिड समाज हस्तकला सेवा समिति राजस्थान जयपुर के तत्वाधान में 28 जनवरी, 2018 को रात्रि विश्वकर्मा पूजा, द्वीप प्रज्वलित 8 बजे श्री हनुमान प्रसाद जांगिड (विश्वकर्मा विकास ट्रस्ट), श्री छोटेलाल जांगिड प्रहलादपुरा अ. सांगानेर सा.वि. सम्मेलन, श्री नवल किशोर शर्मा पूर्व जिलाध्यक्ष जयपुर, जांगरण तथा 29 जनवरी को गुलाब विहार, सांगानेर में कक्षा 5 से उच्च शिक्षा ग्रहण करने वाले प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को जिन्होंने 75% अंक या अधिक अंक अर्जित किए उनको प्रशस्ति-पत्र एवं प्रतीक चिह्न भेंट कर सम्मानित किया जाएगा तथा मुख्य अतिथि नवनिर्वाचित राष्ट्रीय प्रधान श्रीमान् रविशंकर शर्मा (जांगिड) एवं प्रदेशाध्यक्ष राज. श्री लखन शर्मा, अध्यक्षता विश्वकर्मा विकास ट्रस्ट के अध्यक्ष श्रीमान् हनुमान प्रसाद (हनुमान ट्यूबवेल कम्पनी), विशेष अतिथि जिलाध्यक्ष जयपुर श्री घनश्याम पंवार तथा सभी का सम्मान भी किया जाएगा।

भोजन प्रसादी सायं 3 बजे से 8 बजे तक का भी आयोजन रखा गया है। अत: अधिक से अधिक समाज बन्धु उपस्थित होकर समारोह की शोभा बढ़ाएं।

–रामेश्वर प्रसाद जांगिड (मांगरोल) अध्यक्ष

**जांगिड ब्राह्मण सेवा समिति ढेहर का बालाजी द्वारा आयोजित सम्मान समारोह एवं पौषबड़ा महोत्सव सम्पन्न**

6 जनवरी, 2018 को परसराम नगर, ढेहर का बालाजी स्थित भवन में जांगिड ब्राह्मण सेवा समिति, ढेहर का बालाजी द्वारा सम्मान समारोह एवं पौष बड़ा महोत्सव का आयोजन किया गया।

मंचासीन अतिथियों में श्री रविशंकर शर्मा (जांगिड) नव निर्वाचित राष्ट्रीय प्रधान महासभा दिल्ली, नव निर्वाचित प्रदेशाध्यक्ष राजस्थान श्री लखन शर्मा, पूर्व महामंत्री प्रदेश सभा श्री कैलाश शर्मा (साली वाले), श्री घनश्याम पंवार जिलाध्यक्ष जयपुर, श्री राहुल शर्मा प्रदेशाध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ राज., श्री चन्द्रदत्त जांगिड अध्यक्ष दादी का फाटक, श्री गजानन्द जांगिड अध्यक्ष जांगिड ब्राह्मण सेवा समिति ढेहर का बालाजी, श्री रामसहाय बगवाड़ा उद्योगपति आदि मंचासीन हुए।

भगवान विश्वकर्मा जी के चित्र के समक्ष द्वीप प्रज्वलन कर समारोह का प्रारम्भ किया। इस अवसर पर लगभग 14-15 वरिष्ठ समिति सदस्यों का जिनकी उम्र 75 वर्ष और अधिक है उनका सम्मान समिति पदाधिकारियों द्वारा दुपट्टा, शॉल एवं प्रतीक चिह्न भेंटकर किया गया। यह एक अच्छी परिपाटी है, जिसमें अपने समिति के बुजुर्गों का सम्मान किया जाता है।

इस अवसर पर लगभग 25-30 समाज के भामाशाहों का सम्मान किया गया, जिनमें श्री रामसहाय बगवाडा, श्री बनवारी लाल जड़वाल, श्री शिवनारायण भादरिया मौरीजा वाले, श्री सूरजमल नींदड, श्री सी.एम. उबाणा, श्री रामेश्वर टटेरा।

इस भवन की नींव श्री प्रभु जी, श्री शंकर लाल लबाणा वाले के पिता श्री भगवान सहाय द्वारा लगाई गई थी। समिति फाउण्डर मैम्बर्स में श्री छीतरमल सिरोठिया, श्री सीताराम गोगोरिया, श्री नरदेव, श्री मोहर सिंह, श्री जीवनराम हर्षवाल, श्री नारायण गोगोरिया आदि रहे हैं।

राष्ट्रीय प्रधान रविशंकर जी, प्रदेशाध्यक्ष श्री लखन शर्मा तथा जिलाध्यक्ष श्री घनश्याम पंवार, प्रदेश के पूर्व महामंत्री श्री कैलाश शर्मा, पूर्व युवा प्रदेशाध्यक्ष श्री राहुल शर्मा, प्रवक्ता भाजपा प्रदेश अजीत माण्डण का सभी समिति के पदाधिकारीगणों एवं उपस्थित समाज बन्धुओं द्वारा माल्यार्पण, दुपट्टा, साफा बंधवाकर, शॉल ओढ़ाकर, प्रतीक चिह्न भेंट कर भव्य स्वागत किया।

इस अवसर पर गणमान्य समाज बन्धुओं में श्री घीसालाल, श्री सुवालाल पंवार, श्री सूरजमल नींदड, श्री रामेश्वर टटेरा, श्री मनोहर लाल एक्सईएन, श्री गजानन्द जांगिड एईएन, श्री आर.पी. शर्मा सम्पादक विश्वकर्मा टूडे, श्री हरिराम जांगिड दीप विश्वकर्मा तथा वर्तमान कार्यकारिणी के सभी सदस्य उपस्थित हुए।

इस अवसर पर अतिथियों द्वारा उद्बोधन हुआ। नवनिर्वाचित राष्ट्रीय प्रधान व नवनिर्वाचित प्रदेशाध्यक्ष द्वारा सभी समाज बन्धुओं को चुनाव में अपना समर्थन देने पर आभार प्रकट किया।

अन्त में समिति अध्यक्ष श्री गजानन्द गोगोरिया द्वारा सभी का आभार प्रकट किया तथा पौषबड़ा प्रसादी के लिए आमंत्रित किया।

**जांगिड ब्राह्मण बैंक अजमेर के तत्वावधान में विश्वकर्मा जयंती महोत्सव 2018**

दी जांगिड ब्राह्मण कॉ-ऑपरेटिव बैंक अजमेर के तत्वावधान में हर वर्ष की भांति दो दिवसीय विश्वकर्मा जयंती महोत्सव का आयोजन जांगिड बैंक परिसर अंगिरा नगर, नसीराबाद रोड़, अजमेर में किया जायेगा।

28 जनवरी, 2018 को ध्वजारोहण प्रात: 10.15 बजे

**महिलाओं के लिए प्रतियोगिताएं :** मेहन्दी, रंगोली, चम्मच रेस, सुई-धागा रेस, म्युजिकल चेयर रेस, महिला रस्सा-कसी, साफा रेस, एक मिनट प्रतियोगिता

**बच्चों के लिए प्रतियोगिताएं :** ड्राइंग, 100 मीटर रेस, तीन टांग रेस, चम्मच रेस, गुब्बारा रेस

29 जनवरी, 2018 को यज्ञ एवं पूजा प्रात: 10.15 बजे
बुजुर्गों की रस्सा-कसी प्रतियोगिताऐं अपराह्न 1.00 बजे
पुरुष चेयर रेस अपराह्न 2.00 बजे
सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं पारितोषिक वितरण : सायं 5.00 बजे

कृपया जयंती एवं उसकी पूर्व संध्या पर अपने घर पर कम से कम 5 दीपक अवश्य जलावें।

सभी कार्यक्रमों में आप पधार कर आयोजकों का उत्साह वर्धन कर महोत्सव का आनन्द लें।

विशेष आग्रह : सांस्कृतिक कार्यक्रम में भाग लेने हेतु पूर्वाभ्यास 26 जनवरी, 2018 को अपराह्न 4.00 बजे जांगिड बैंक परिसर में होगा। गानों की सी.डी. प्रतियोगी को स्वयं लानी होगी। इसके पश्चात् कार्यक्रम में एन्ट्री नहीं हो सकेगी।

नोट : ड्राइंग प्रतियोगिता हेतु शीट आयोजन समिति द्वारा उपलब्ध करावाई जावेगी। मेहन्दी एवं रंगोली प्रतियोगिता हेतु अन्य सामग्री स्वयं लेकर आवें।

## जांगिड विकास समिति सोडाला (जयपुर) द्वारा षष्ठम् प्रतिभा सम्मान समारोह, पौषबड़ा महोत्सव एवं नववर्ष स्नेह मिलन समारोह सम्पन्न

7 जनवरी, 2018 को जांगिड विकास समिति सोडाला (जयपुर) द्वारा षष्ठम् प्रतिभा सम्मान, पौषबड़ा महोत्सव एवं नववर्ष स्नेह मिलन समारोह का आयोजन जयेश गार्डन, हटवाड़ा रोड़, सोडाला, जयपुर में किया गया।

समारोह के मुख्य अतिथि श्री लखन शर्मा प्रदेशाध्यक्ष राजस्थान तथा समारोह की अध्यक्षता श्री कैलाश चन्द्र लोईवाल उद्योगपति व भामाशाह एवं मुख्य संरक्षक जिला सभा जयपुर (बगरू) द्वारा की गई।

विशिष्ट अतिथियों में श्री बी.सी. शर्मा पूर्व वरिष्ठ उपप्रधान महासभा दिल्ली, श्री रामरतन पंवार उद्योगपति व भामाशाह (रामपुरा डाबड़ी) एवं संरक्षक प्रदेशाध्यक्ष राज. व जिला सभा जयपुर, श्री घनश्याम पंवार जिलाध्यक्ष जयपुर तथा सम्मानीय अतिथियों में श्री कैलाश शर्मा (साली वाले) पूर्व महामंत्री प्रदेश सभा राज., श्री राहुल शर्मा पूर्व प्रदेशाध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ राज., श्री चन्द्रदत्त जांगिड अध्यक्ष दादी का फाटक जयपुर, श्री सतीश जांगिड अध्यक्ष शाखा सभा जगतपुरा, श्री श्यामलाल जांगिड अधिकारी लालसोट, श्री अजीत माण्डण प्रवक्ता भाजपा प्रदेश राज., श्री बाबूलाल लावण्डीवाल (अध्यक्ष) पूर्व सरपंच कपूरावाला, अध्यक्ष सोडाला समिति श्री गजानन्द जांगिड एईएन आदि मंचासीन हुए।

सभी मंचासीन अतिथियों द्वारा भगवान विश्वकर्मा जी के चित्र के समक्ष पूजा-अर्चना, द्वीप प्रज्वलन कर सामूहिक आरती की। सभी अतिथियों का माल्यार्पण कर, दुपट्टा ओढ़ाकर तथा प्रतीक चिह्न भेंट कर सोडाला समिति के पदाधिकारियों द्वारा सम्मानित किया गया।

''समाज उत्थान में शिक्षा का महत्व'' विषय रखा गया। आज अपने विचार प्रकट करने के लिए और सभी अतिथियों द्वारा जिनमें श्री कैलाश (साली वाले), श्री श्याम लाल जांगिड, श्री अजीत माण्डण, श्री चन्द्रदत्त जांगिड, श्री बी.सी. शर्मा, श्री राहुल शर्मा, श्री लखन शर्मा प्रदेशाध्यक्ष एवं जिलाध्यक्ष श्री घनश्याम पंवार (जांगिड) द्वारा इसी विषय पर सार्थक विचार रखे तथा राजनैतिक विषय पर भी विचार रखे।

कक्षा दसवीं, बारहवीं में 80% से अधिक अंक प्राप्त प्रतिभावान छात्र-छात्राओं का दुपट्टा ओढ़ाकर, प्रमाण-पत्र प्रदानकर एवं प्रतीक चिह्न भेंटकर सम्मानित किया गया। खेलकूद प्रतियोगिता में भाग लेने वाले विद्यार्थियों को तथा हायर एज्यूकेशन छात्र-छात्राओं को भी सम्मानित किया।

मंच संचालन श्री घनश्याम पंवार एवं श्री रमेश लावण्डीवाल द्वारा किया गया।

सोडाला समिति के सभी पदाधिकारीगण एवं सदस्य एक ही ड्रेस कोड में दिखे, यह भी पहली बार देखने को मिला जो सभी समितियों के लिए एक उदाहरण है, इससे संगठन भी प्रतीत होता है।

इस अवसर पर समाज के प्रबुद्धगणों में श्री रामबाबू जांगिड पूर्व तहसील अध्यक्ष बस्सी, श्री लल्लूराम जांगिड तहसील अध्यक्ष जमुआरामगढ़, श्री हनुमान सहाय जांगिड पूर्व अध्यक्ष जांगिड समाज हस्तकला सेवा समिति राज. जयपुर, श्री अशोक जांगिड ब्लॉक अध्यक्ष जालसू, श्री हरिनारायण जांगिड अध्यक्ष जांगिड हस्तकला सेवा समिति राज. जयपुर, श्री लालचन्द सिरोठिया अध्यक्ष विश्वकर्मा मन्दिर घाट की गुणी, श्री रामसहाय जांगिड अध्यक्ष समाज बास सांगानेर, श्री घासीलाल जांगिड पूर्व तहसील अध्यक्ष फागी, श्री प्रहलाद जांगिड सुनाड़िया अध्यापक, श्री प्रभाती लाल जांगिड अध्यक्ष टीबा का बास, श्री गोपाल पेड़वाल पूर्व अध्यक्ष बंधे बालाजी, श्री ग्यारसीलाल जांगिड, श्री रामेश्वर जांगिड टीलावाले, श्री मनोहरलाल दूरदर्शन, श्री लल्लूलाल जायलवाल अध्यक्ष जांगिड विकास समिति शास्त्री नगर, श्री रामेश्वर डेरोलिया अध्यक्ष त्रिवेणी धाम सामूहिक सम्मेलन, श्री मन्नालाल जांगिड शाखा सभा जोबनेर, श्री रतनचन्द्र जांगिड प्रोजेक्ट मैनेजर, श्री अशोक जांगिड, श्री बजरंग जांगिड, श्री सोहनलाल जांगिड देवी नगर, श्री राधेश्याम चिचावा, श्री रामजीलाल पूर्व संगठन मंत्री प्रदेश सभा, श्री महेश जांगिड एवं श्री बृजमोहन जांगिड (समेल वाले) पूर्व अध्यक्ष जांगिड हस्तकला सेवा समिति गुर्जर की थड़ी, श्री मालीराम जांगिड (मंगलम ग्लास), श्री आनन्दी लाल (सत्यम् फर्नीचर), श्री नवलकिशोर शर्मा पूर्व जिलाध्यक्ष जयपुर, श्री किशोरीलाल जांगिड (राजेन्द्र मशीन टूल्स), श्री पी.डी. हर्षवाल, श्री मदन जाला गेटोर, श्री गोपाल सिरोठिया (हनुमान ज्वैलर्स), श्री छगनलाल बून्दवाल, श्री सुशील कुमार लेफ्टिनेन्ट से.नि. सेना, श्री लालचन्द भिराणिया बड़ के बालाजी, श्री कमलेश जांगिड अध्यक्ष रामपुरा रोड़, श्री सांवरमल पंवार चौमूं, श्री बद्रीलाल, श्री कन्हैयालाल चोयल बगरू, श्री आर.पी. शर्मा सम्पादक विश्वकर्मा टूडे, श्री हरिराम जांगिड दीप विश्वकर्मा, श्री महादेव प्रसाद कड़वाणिया एडवोकेट, श्री ओमप्रकाश जांगिड अध्यक्ष शाखा सभा कानोता, श्री मदनलाल बस्सी आदि समाज बन्धुओं ने समारोह में उपस्थिति दी।

समारोह में सभी अतिथियों द्वारा आगामी विधान सभा चुनावों में श्री अजीत माण्डण को उम्मीदवार बनाने पर सहमति जताई तथा श्री अजीत को सभी ने तन-मन-धन से सपोर्ट करने का आश्वासन दिया। अजीत माण्डण वर्तमान में भाजपा में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका के लिए

चिर-परिचित है तथा प्रदेश प्रवक्ता के रूप में भी प्रदेश स्तर पर अपनी सेवाएं भाजपा को दी है। इसलिए युवा प्रत्याशी के लिए विद्याधर नगर से उनको आगामी विधान सभा चुनाव में प्रत्याशी बनाने का समाज ने मन बना लिया है।

अन्त में बाबूलाल (सरपंच) अध्यक्ष द्वारा सभी अतिथियों को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए परिचय भी दिया। श्री दिनेश कड़वाणिया महामंत्री द्वारा सभी अतिथियों व समाज बन्धुओं को पौषबड़ा प्रसादी के लिए आमंत्रित किया। पौषबड़ा प्रसादी में 31000/-रु. की राशि (सामग्री) श्री रामरतन जांगिड (रामपुरा डाबड़ी) द्वारा प्रदान की गई।

**श्री विश्वकर्मा जांगिड पंचायत जोधपुर की श्री जांगिड युवा संघ के तत्वावधान में 25वीं क्रिकेट प्रतियोगिता सम्पन्न**

श्री विश्वकर्मा जांगिड पंचायत जोधपुर तथा श्री जांगिड युवा संघ के तत्वावधान में 25वीं क्रिकेट प्रतियोगिता 25 दिसम्बर, 2017 से 2 जनवरी, 2018 तक बरकतुल्ला खान स्टेडियम जोधपुर में सम्पन्न हुई। इस प्रतियोगिता में 24 टीमें भाग लिया। विजेता टीम के लिए 1,11000/- व उपविजेता टीम को 51000/-रु. तथा मैन ऑफ द सीरिज 11000/-रु. से तथा ट्रॉफी प्रदान कर पुरस्कृत किया गया।

25 दिसम्बर, 2017 को क्रिकेट प्रतियोगिता का उद्घाटन हुआ, जिसमें श्री रविशंकर शर्मा (जांगिड) नव निर्वाचित राष्ट्रीय प्रधान अ.भा.जां.ब्रा. महासभा दिल्ली, श्री लखन शर्मा नवनिर्वाचित प्रदेशाध्यक्ष राजस्थान, श्री घनश्याम पंवार जिलाध्यक्ष जयपुर, श्री बसंत जी गेपाल ब्यावर, श्री घीसूलाल जिलाध्यक्ष पाली, श्री मेघराज लोहिया मंत्री राज. सरकार, श्री पूनाराम बरनेला उद्योगपति जोधपुर, श्री एम.डी. शर्मा उद्योगपति जोधपुर आदि कई गणमान्य समाज बन्धु उपस्थित रहे।

लगातार 24 वर्षों से खेलकूद प्रतियोगिता का संस्थाओं द्वारा आयोजन करवाया जाता रहा है। इस बार 25वीं सिल्वर जुबली थी। 2 जनवरी, 2018 को आराध्य देव भगवान् विश्वकर्मा की विधिवत् पूजा-अर्चना करते हुए कार्यक्रम की शुरूआत हुई, जिसमें मातेश्वरी ए विजेता बनी वहीं गौतम मोबाइल उपविजेता रही। समाज सेवी श्री चूनाराम दायिमा की तरफ से विजेता टीम को एक लाख ग्यारह हजार रुपए तथा उप विजेता टीम को इक्यावन हजार रुपए का नगद पुरस्कार ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया गया। सभी टीमों को श्री जांगिड युवा संघ का स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता श्री जांगिड पंचायत के अध्यक्ष श्री सत्यनारायण कुलरिया द्वारा की गई।

इस अवसर पर समाज के भामाशाह व उद्योगपति, समाज सेवी, युवा उद्यमी श्री चूनाराम दायिमा बैंगलूरु, श्री हेमन्त घोष राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य एबीवीपी, श्री सूर्यकान्त व्यास सूरसागर विधायक, उद्योगपति श्री पूनाराम बरनेला पंचमुखी विश्वकर्मा, उद्योगपति श्री एम.डी. शर्मा आयुषी बिल्डर्स, श्री मदन जी बूढल पंचायत पूना कोषाध्यक्ष, श्री कन्हैयालाल जांगिड एडवोकेट, डॉ. कमल आसदेव सचिव जोधपुर पंचायत, श्री मदन गोपाल बरड़वा पंचायत जोधपुर कोषाध्यक्ष, श्री राकेश सुथार आर्मी इन्टेलीजेंट, श्री नरसिंह दायिमा एवं उपस्थित सदस्य श्री जांगिड युवा संघ अध्यक्ष ओमप्रकाश भुन्दड़, संरक्षक श्री मदन जोपिंग, संरक्षक श्री विनोद आसलिया, संरक्षक श्री मदन कुलरिया, पंचायत सहसचिव श्री फतेहराज माकड़, श्री प्रमोद बरड़वा, श्री धीरज शर्मा, श्री दिलिप छड़िया, श्री यशवंत जोपिंग, श्री अमित आसदेव, श्री ओम झाला, श्री विकास जांगिड, श्री विकास सुथार, श्री पियूष जांगिड एवं समस्त श्री जांगिड युवा संघ संस्थान जोधपुर।

प्रतियोगिता के दौरान श्री संजय बुढड़ युवा नेता कांग्रेस एवं श्री राज जांगिड फिल्म अभिनेता ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। युवा संघ द्वारा सभी टीमों की रहने की, खाने की तथा खिलाड़ियों को गणवेश आदि की समुचित व्यवस्था की गई।

जिस प्रकार आई.पी.एल. आदि मैच करवाते हैं, ठीक उसी प्रकार जोधपुर में देश से 24 टीमों ने भाग लिया तथा हुबहू एक लीग की तरह सभी मैच खेले गए। बड़ी स्क्रीन की व्यवस्था थी, कॉमेन्ट्री भी सराहनीय थी।

**अ.भा.जां.ब्रा. महासभा शाखा सभा झोटवाड़ा द्वारा स्वागत समारोह एवं पौषबड़ा कार्यक्रम सम्पन्न**

दिनांक 31 दिसम्बर, 2017 को सायं सात बजे विश्वकर्मा मन्दिर गंगासागर कॉलोनी, रूंडया स्टेण्ड, धर्मपुरा, कालवाड़ रोड़, पर शाखा सभा झोटवाड़ा द्वारा स्वागत समारोह व पौष बड़ा का आयोजन किया। आयोजित समारोह में मुख्य अतिथि नवनिर्वाचित प्रधान रविशंकर शर्मा राष्ट्रीय अध्यक्ष, श्री लखन शर्मा, विशिष्ट अतिथि अध्यक्ष प्रदेश सभा राज., अतिथियों को मंचासीन श्री सुरेश पिलवाल द्वारा कराया गया। समारोह के अध्यक्ष श्री घनश्याम पंवार जिला सभा जयपुर ने समारोह की अध्यक्षता की। इस अवसर पर संत अभयदास जी महाराज को भी मंचासीन कराया। नवनिर्वाचित अतिथियों का शाखा सभा झोटवाड़ा सदस्यों ने माला अर्पण कर स्वागत किया। शाखा सभा के समस्त सदस्यों का लल्लूनारायण जांगिड शाखा सभा अध्यक्ष ने माल्यार्पण कर स्वागत किया। मुख्य अतिथियों ने अपने उद्बोधन में समाज संगठन को मजबूत करने, हमें राज में भागीदारी मिल सके यदि पार्टी टिकट नहीं देती है तो निर्दलीय के रूप में समाज की ताकत बतावें। साथ ही कहा कि समाज के विद्यार्थियों को ज्यादा से ज्यादा शिक्षा दिलावें, जिससे हमारे समाज में अच्छी शिक्षा प्राप्त करके आई.ए.एस., आर.ए.एस. बन प्रशासन में भागीदार बन सकें।

–लल्लू नारायण जांगिड (अध्यक्ष)

**जांगिड सेवा समिति चौमूं की नवगठित कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण एवं सम्मान समारोह सम्पन्न**

6 जनवरी, 2018 को जांगिड समाज सभा भवन, वीर हनुमान मार्ग, चौमूं पर जांगिड सेवा समिति चौमूं की नवगठित कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण एवं सम्मान समारोह आयोजित किया गया।

मंचासीन अतिथियों में अ.भा.जां.ब्रा. महासभा दिल्ली के नवनिर्वाचित प्रधान श्री रविशंकर शर्मा (जांगिड), नवनिर्वाचित प्रदेशाध्यक्ष राजस्थान श्री लखन शर्मा, जिलाध्यक्ष जयपुर श्री घनश्याम पंवार, पूर्व प्रदेशाध्यक्ष युवाप्रकोष्ठ श्री राहुल शर्मा, श्री कज्जूलाल जांगिड पूर्व वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रदेश सभा, पूर्वकार्यकारी प्रधान महासभा श्री बाबूलाल पंवार,पूर्व वाड़ पार्षद श्री मुकेश पंवार, श्री रघुनाथ, श्री बद्री

नारायण, श्री गिरधारी लाल भादरिया अध्यक्ष ब्लॉक सभा चौमूं, श्री अर्जुन लाल जांगिड मलिकपुर, संरक्षक श्री अर्जुन लाल शर्मा से.नि. प्रिंसिपल चौमूं, श्री राजेन्द्र पंवार पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष चौमूं, श्री लखन नायन, श्री शिवनारायण थानेदार पूर्व उपप्रधान महासभा, श्री रामनिवास गोगोरिया भामाशाह चौमूं, स्थानीय विधायक श्री रामलाल शर्मा, श्री नरेन्द्र कुमार पंचायत समिति सदस्य गोविन्दगढ़, श्रीमती अर्चना कुमावत अध्यक्ष नगर पालिका चौमूं, श्री रामगोपाल खुडाणिया अजीतगढ़, श्री अशोक जांगिड ब्लॉक अध्यक्ष जालसू, श्री राधेश्याम जांगिड किशनगढ़-रेनवाल, श्री राधेश्याम चिचावा पूर्व संगठन मंत्री प्रदेश सभा, श्री रामचरण बोदलिया पूर्व अध्यक्ष जां. विकास समिति शास्त्री नगर जयपुर, श्री मनोहरलाल जांगिड एक्सईएन, श्री गजानन्द जांगिड एईएन जयपुर, श्री फूलचन्द पंवार पूर्व उपप्रधान महासभा, श्री सुवालाल जांगिड, डॉ. सुरेश जांगिड आदि मंचासीन हुए।

अतिथियों द्वारा भगवान विश्वकर्मा जी के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन किया गया एवं सामूहिक आरती का गायन हुआ।

इससे पूर्व रींगस रोड़ से सभा स्थल तक नवनिर्वाचित राष्ट्रीय प्रधान श्री रविशंकर शर्मा, नवनिर्वाचित प्रदेशाध्यक्ष श्री लखन शर्मा एवं जिलाध्यक्ष जयपुर श्री घनश्याम पंवार, पूर्व युवा प्रदेशाध्यक्ष श्री राहुल जांगिड एवं युवा जिलाध्यक्ष श्री कमल पंवार का भव्य सम्मान किया तथा बैण्ड-बाजों के साथ समाज बन्धु एवं समिति के पदाधिकारीगण रींगस रोड़ से सभा भवन तक लेकर आए।

सभी अतिथियों का माल्यार्पण, साफा, दुपट्टा एवं प्रतीक चिह्न भेंट कर सभी पदाधिकारियों द्वारा सम्मानित किया गया।

नवगठित कार्यकारिणी में नवनिर्वाचित जांगिड सेवा समिति के अध्यक्ष श्री प्रहलाद पंवार को महासभा प्रधान द्वारा पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई तथा महामंत्री श्री दिनेश खटवाड़िया,कोषाध्यक्ष श्री कैलाश हर्षवाल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्री मामराज डेरोलिया, संयोजक श्री कैलाश भादरिया एवं समस्त कार्यकारिणी को श्री लखन शर्मा प्रदेशाध्यक्ष, श्री घनश्याम पंवार जिलाध्यक्ष, श्री राहुल शर्मा युवा प्रदेशाध्यक्ष द्वारा शपथ दिलवाई।

नवनिर्वाचित जांगिड सेवा समिति के अध्यक्ष श्री प्रहलाद पंवार का माल्यार्पण एवं साफा बंधवाकर, प्रतीक चिह्न भेंटकर सम्मान किया, वहीं श्री रामस्वरूप खटवाड़िया पूर्व अध्यक्ष समिति को विदाई स्वरूप माला, साफा, प्रतीक चिह्न, दुपट्टा पहनाकर सम्मानित किया गया।

श्री रविशंकर जांगिड, श्री लखन शर्मा, श्री घनश्याम पंवार, श्रीमती अर्चना कुमावत, श्री अर्जुन लाल से.नि. प्रिंसिपल, श्री रामअवतार एडवोकेट, श्री बाबूलाल पंवार, श्री कन्जूलाल, श्री राहुल एवं अन्य अतिथियों द्वारा उद्‌बोधन हुआ, जिसमें जांगिड सेवा समिति चौमूं द्वारा किए गए कार्यों की भूरी-भूरी प्रशंसा की गई तथा राजनैतिक क्षेत्र पर भी अपने विचार रखे।

मंच संचालन श्री सांवरमल पंवार द्वारा किया गया।

इस अवसर पर समाज के प्रबुद्धगण श्री सुवालाल जांगिड, श्री प्रकाश बड़वाल, श्री दामोदर प्रसाद जांगिड पूर्व तहसील अध्यक्ष शाहपुरा, श्री प्रमोद कुमार महामंत्री सम्मेलन शाहपुरा, श्री अशोक कुमार ब्लॉक अध्यक्ष जालसू, जिलाध्यक्ष संगठन मंत्री श्री रामबाबू पंवार, श्री विष्णु चिचावा, श्री प्रकाश भादरिया, श्री हजारी चिचावा, श्री देवदत्त जांगिड तथा सभी समिति पदाधिकारीगण, ब्लॉक स्तर के पदाधिकारीगण एवं चौमूं व आसपास के समाज बन्धुओं की उपस्थिति रही।

अन्त में श्री बाबूलाल पंवार पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष महासभा द्वारा सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया। नवनिर्वाचित अध्यक्ष श्री प्रहलाद पंवार सभी को सहभोज के लिए आमंत्रित किया। भोजन प्रसादी नवनिर्वाचित अध्यक्ष द्वारा प्रायोजित थी।

### अ.भा.जां.ब्रा. महासभा जिला सभा जयपुर की कार्यकारिणी की चतुर्थ त्रैमासिक मीटिंग सम्पन्न

अ.भा.जां.ब्रा. महासभा, जिला सभा जयपुर की कार्यकारिणी की चतुर्थ त्रैमासिक मीटिंग रविवार दिनांक 24 दिसम्बर, 2017 को श्री घनश्याम शर्मा 'पंवार' अध्यक्ष अ.भा.जां.ब्रा. महासभा जिला सभा जयपुर की अध्यक्षता में प्रदेश सभा भवन विद्याधर नगर, जयपुर में हुई।

सर्वप्रथम महामंत्री श्री रमेशचन्द्र शर्मा ने श्री घनश्याम शर्मा 'पंवार', मुख्य अतिथि श्री कैलाश चन्द लोईवाल उद्योगपति एवं मुख्य संरक्षक जिला सभा जयपुर, विशिष्ठ अतिथि श्री कन्जूलाल शर्मा धानोता पूर्व वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रदेश सभा, श्री रामसहाय घसवा उद्योगपति, श्री कजोड़मल जांगिड उद्योगपति, श्री सुरेश पिलवाल पूर्व जिलाध्यक्ष जयपुर एवं श्रीमती भारती शर्मा पूर्व जिलाध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ जयपुर को मंचासीन करवाया एवं भगवान श्री विश्वकर्मा जी की पूजा-अर्चना एवं आरती के लिए आमंत्रित किया। पूजा-अर्चना के पश्चात् मंचासीन अतिथियों का जिला सभा की कार्यकारिणी द्वारा माल्यार्पण कर स्वागत किया गया।

इसके पश्चात् महामंत्री श्री रमेशचन्द्र शर्मा ने मीटिंग में भाग लेने वाले सभी महानुभावों का जिला सभा जयपुर की ओर से हार्दिक अभिनन्दन करते हुए निवेदन किया कि मीटिंग में भाग लेने के लिए निर्धारित समय का कृपया विशेष ध्यान रखें, क्योंकि मीटिंग की कार्यवाही में समयाभाव के कारण बिन्दुओं पर विस्तार से चर्चा में कठिनाईयाँ आती हैं। जिला सभा जयपुर की त्रैमासिक बैठकों में प्रायः अनुपस्थित रहने वाले तहसील अध्यक्षों, ब्लॉक सभा अध्यक्षों एवं शाखा सभा अध्यक्षों के लिए खेद प्रकट करते हुए कहा कि यह परिपाटी सर्वथा अनुचित है एवं इसमें सुधार अत्यावश्यक है।

इसके पश्चात् महामंत्री ने एजेण्डे के बिन्दुओं को पढ़कर सुनाया एवं एजेण्डे के प्रथम बिन्दु के अनुसार पूर्व बैठक 15 जुलाई, 2017 एवं दिनांक 24 सितम्बर, 2017 को जिला सभा जयपुर की ओर से श्री गौड़ ब्राह्मण समाज के सभा भवन, विद्याधर नगर, जयपुर में आयोजित प्रथम प्रतिभा सम्मान समारोह के कार्यवाही विवरण को पढ़कर सुनाया एवं उपस्थित महानुभावों से इसके अनुमोदन का निवेदन किया, जिसका उपस्थित सभी महानुभावों ने सर्वसम्मति से हाथ उठाकर अनुमोदन किया, जिसके लिए महामंत्री ने उनका आभार व्यक्त किया।

इसके उपरान्त महामंत्री ने श्री घनश्याम शर्मा 'पंवार' को स्वागत उद्‌बोधन के लिए आमंत्रित किया। श्री पंवार ने एजेण्डे के द्वितीय बिन्दु ''आगामी विश्वकर्मा जयंति की तैयारियां'' (दिनांक 29 जनवरी,

2018) के सम्बन्ध में कहा कि यद्यपि गत वर्ष विश्वकर्मा जयन्ती के एक दिवस पूर्व निकाली गई झांकी सुन्दर थी, परन्तु चूंकि हमारा समाज तकनीकी से जुड़ा हुआ है, अतः विभिन्न ब्लॉक सभाओं, तहसील सभाओं, शाखा सभाओं एवं समितियों द्वारा सजाकर लाई जाने वाली झांकियों में विविधता देखने को मिलनी चाहिए एवं कोशिश की जानी चाहिए कि झांकी के दिवस हमारा ड्रेस कोड भी एक जैसा हो। उन्होंने झांकियों केवल खानापूर्ति के अन्दाज में नहीं कर उन्हें आकर्षक ढंग से सजाकर लाने का भी निवेदन किया। श्री पंवार ने यह भी निवेदन किया कि मीटिंग में अपने विचार रखने वाले वक्ताओं को भी मीटिंग के इन एजेण्डों पर अपने सुझाव प्रकट करने चाहिए।

श्री पंवार ने मीटिंग के तृतीय बिन्दु ''जयपुर जिले की जनगणना की प्रगति पर चर्चा'' के सम्बन्ध में कहा कि यद्यपि इस सम्बन्ध में काफी कार्य हो चुका है, परन्तु शेष कार्य भी शीघ्र से शीघ्र सम्पादित होना चाहिए, ताकि हमारे समाज की वास्तविक संख्यात्मक तस्वीर सामने आ सके। उन्होंने कहा कि जनगणना प्रभारी श्री अशोक हरसोलिया दिल्ली गए हुए थे एवं आज ही वापस जयपुर आ रहे हैं व यदि मीटिंग समय तक पहुँच जाते हैं तो इस पर और विस्तार से चर्चा कर ली जावेगी अन्यथा इस बिन्दु पर आगामी बैठक में विस्तार से चर्चा की जावेगी।

श्री पंवार ने एजेण्डा के चतुर्थ बिन्दु ''सामाजिक कुरुतियों के उन्मूलन के सम्बन्ध में चर्चा'' पर कहा कि मृत्युभोज, आंसू पौंछणी एवं तीये की बैठक में चिट्ठियाँ वितरित करने जैसी सामाजिक बुराई के विरूद्ध हाल ही में शीतला माता मंदिर चाकसू में चार तहसीलों द्वारा सामूहिक मीटिंग की गई थी, जिसमें उन्होंने अपने क्षेत्र में इस सामाजिक कुरुति के उन्मूलन हेतु भरसक प्रयास करने का निर्णय लिया एवं शीघ्र ही इस कुरुति उन्मूलन के लिए सांगनेर में एक और मीटिंग होने वाली है, जिसमें लगभग सभी तहसील अध्यक्षों के सम्मिलित होने की आशा है तथा उस मीटिंग में जिले के सक्रिय समाज बन्धुओं को भी भाग लेने हेतु सूचित किया जावेगा। जिसका उपस्थित महानुभावों ने ताली बजाकर स्वागत किया। उन्होंने उपस्थित महानुभावों से भी निवेदन किया कि कृपया जब भी आप समाज में तीये की बैठक में उपस्थित होवें एवं यदि वहाँ से चिट्ठी दी जावे तो सहिष्णुतापूर्वक मना कर उसको नहीं लेवें ताकि धीरे-धीरे स्वतः ही समाज इस कुरुति के उन्मूलन की ओर अग्रसर हो सके। श्री पंवार ने यह भी अवगत कराया कि जिला सभा के महामंत्री श्री रमेशचन्द्र शर्मा को मौखिक रूप से आग्रह किया गया कि समाचार पत्रों में समाज के तीये की बैठक की सूचना पर सम्बन्धित शोकाकुल परिवार को जिला सभा जयपुर की ओर से संवेदना संदेश के साथ-साथ चिट्ठी वितरण एवं आंसू पौंछणी जैसी कुरुति से समाज को बचाने का निवेदन करें, जिसके लिए उन्होंने अपनी सहमति प्रदान कर दी है, जिसका उपस्थित महानुभावों ने ताली बजाकर स्वागत किया।

श्री पंवार ने मीटिंग के एजेण्डे के पाँचवे बिन्दु ''समाज की सम्पत्तियों के संरक्षण'' के सम्बन्ध में कहा कि हमारे समाज के अनेकों मन्दिर, धर्मशालाएं, विद्यालय, भूमि अथवा भूखण्ड समाज की विभिन्न संस्थाओं के अन्तर्गत संचालित हैं, परन्तु इनमें से कुछ सम्पत्तियों की ढंग से सार-संभाल नहीं होने के कारण या तो वे जर्जर अवस्था में पहुँच रही है या फिर उन पर अनाधिकृत कब्जों की स्थितियाँ बन रही हैं। घाट की गूणी स्थित हमारे समाज का सबसे प्राचीन भगवान श्री विश्वकर्मा जी का मंदिर इसका ज्वलंत उदाहरण है एवं स्वाभाविक रूप से उस मंदिर से समाज की आध्यात्मिक भावनाएं जुड़ी हुई है एवं प्रायः समाजबन्धु उस मंदिर के जीर्णोद्धार के लिए आग्रह करते रहते हैं।

उन्होंने जनगणना का कार्य काफी परिश्रमी एवं चुनौती भरा होने एवं कई बार समाज के व्यक्तियों द्वारा जनगणना के हमारे प्रतिनिधियों को इसमें सीधा सहयोग नहीं करने पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि हमें समाज को समझाना है कि इससे समाज का भला ही होगा एवं समाज की संख्यात्मक स्थिति सामने आ सकेगी।

जिलाध्यक्ष जी ने आज की मीटिंग की भोजन व्यवस्था करने के लिए श्री नवीन जांगिड, मै. जय श्री कंस्ट्रक्शन का स्वागत किया गया एवं उपस्थित महानुभावों ने तालियाँ बजाकर स्वागत किया।

डॉ. समित शर्मा आई.ए.एस. के पिताजी श्री सुरेन्द्र कुमार शर्मा का भी माल्यार्पण कर स्वागत किया।

जिलाध्यक्ष जी ने पूर्व प्रदेश महामंत्री श्री कैलाश चन्द शर्मा (साली वालों) को उद्‌बोधन के लिए आमंत्रित किया। उन्होंने अपने उद्‌बोधन में हाल ही सम्पन्न हुए प्रधान एवं प्रदेशाध्यक्ष के चुनावों को लगभग शान्ति पूर्वक सम्पन्न करवाने के लिए सभी मतदाताओं का हृदय से आभार प्रकट करते हुए चुनाव के दौरान उत्पन्न हुए गतिरोधों एवं कुछ अप्रिय घटनाओं पर खेद भी प्रकट किया। यह चुनाव हमारे जिलाध्यक्ष जी जयपुर की प्रतिष्ठा का बन चुका था एवं उन्होंने यहाँ तक कहा था कि यदि जयपुर से श्री रविशंकर जी की हार होती है तो मुझे नैतिक दायित्व लेते हुए त्याग पत्र देना पड़ेगा। परन्तु उनकी टीम का रात और दिन का कठोर परिश्रम काम आया एवं जयपुर जिले से श्री रविशंकर जी के पक्ष में लगभग एक तरफा वोटिंग हुई, जिसके लिए सभी मतदाता धन्यवाद के पात्र हैं। उन्होंने आज की मीटिंग के एजेण्डे पर हुई चर्चा में भाग लेते हुए कहा कि विश्वकर्मा जयन्ती के अवसर पर निकाली जाने वाली झांकियाँ बहुत ही सुन्दर होनी चाहिए। इसके लिए अभी सभी ब्लॉक अध्यक्षों, तहसील अध्यक्षों, शाखा सभा अध्यक्षों एवं विभिन्न समितियों के पास पर्याप्त समय उपलब्ध है, उसका सदुपयोग करते हुए झांकियों की तैयारियों पर कार्यवाही करनी चाहिए।

मीटिंग के दौरान समाज की तीन महिलाएं सुश्री कान्ता शर्मा सोडाला, सुश्री निर्मला जांगिड जगतपुरा, सुश्री मीरा शर्मा सोडाला उपस्थित हुईं एवं पूर्व जिलाध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ श्रीमती भारती शर्मा की मार्फत सुश्री निर्मला जांगिड जगतपुरा द्वारा लिखे हुए एक आवेदन पत्र जिलाध्यक्ष जी को दिया गया, जिसकी सत्यता के बारे में जिलाध्यक्ष जी ने श्रीमती भारती शर्मा से भी चर्चा की एवं मीटिंग में पढ़कर सुनाया, जिसमें सुश्री निर्मला जांगिड ने उल्लेख किया था कि उनकी माताजी किडनियों की गंभीर बीमारी से ग्रसित हैं एवं बार-बार डायलसिस करवाना पड़ता है। पिताजी ने हमको काफी समय पहले ही छोड़ दिया है। घर में मैं ही कमाने वाली हूँ एवं चार प्राणियों का खर्चा अकेले मेरे ऊपर होने के कारण मैं अपनी माताजी का इलाज कराने में

पूर्णतया असमर्थ हैं। अतः समाज कृपया मुझे आर्थिक सहयोग प्रदान करे। जिलाध्यक्ष जी ने उपस्थित महानुभावों से निवेदन किया कि इस परिवार को आर्थिक सहयोग करना हमारा कर्तव्य है, अतः अधिक से अधिक समाज बन्धु जिला सभा जयपुर के कोषाध्यक्ष श्री भगवान सहाय कड़वानिया को राशि जमा करवा सकते हैं। इस समय पर 36900/-रुपए राशि समाज बन्धुओं द्वारा प्राप्त की गई।

श्री कल्याण सहाय जी अध्यक्ष तहसील सभा किशनगढ़-रेनवाल ने अपने उद्‌बोधन में कहा कि समाज में बच्चों की शिक्षा पर भी पूर्णरूप से ध्यान दिया जाना चाहिए। लड़कियाँ उच्च शिक्षा प्राप्त कर रही हैं एवं शिक्षा के क्षेत्र में काफी अग्र हैं, परन्तु समाज में उनके समकक्ष शिक्षित लड़के उपलब्ध नहीं हो रहे हैं। परिणामस्वरूप लड़कियों का समाज से अन्य समाज में पलायन हो सकता है, जो समाज के लिए काफी गंभीर स्थिति होगी।

इसी दौरान जिला सभा जयपुर के निवेदन पर नवनिर्वाचित प्रधान अ.भा.जां.ब्रा. महासभा दिल्ली श्री रविशंकर शर्मा (जांगिड) एवं श्री लखन शर्मा नवनिर्वाचित प्रदेशाध्यक्ष अ.भा.जां.ब्रा. महासभा राजस्थान पधारे, जिनका मीटिंग में उपस्थित सभी महानुभावों ने खड़े होकर एवं तालियाँ बजाकर उनका अभिवादन किया।

आज की मीटिंग के एजेण्डाओं पर हुई चर्चा को उपस्थित सभी महानुभावों ने हाथ उठाकर सर्वसम्मति से अनुमोदन किया।

नवनिर्वाचित प्रधान श्री रविशंकर शर्मा (जांगिड) एवं नव निर्वाचित प्रदेशाध्यक्ष श्री लखन शर्मा का जिला सभा जयपुर की कार्यकारिणी, विभिन्न ब्लॉक सभाओं, तहसील सभाओं, शाखा सभाओं एवं समितियों के अध्यक्षों एवं उनकी कार्यकारिणियों ने बारी-बारी से भावभीना स्वागत किया।

जांगिड समाज हस्तकला सेवा समिति दुर्गापुरा की ओर से भी प्रधान जी एवं प्रदेशाध्यक्ष जी का सम्मान किया गया।

जिलाध्यक्ष जी ने उद्‌बोधन के लिए नवनिर्वाचित प्रदेशाध्यक्ष श्री लखन शर्मा को आमंत्रित किया। श्री शर्मा ने स्वागत के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह जीत आप सभी की जीत है एवं मैं आशा करता हूँ कि आप सभी महानुभावों का इसी प्रकार सहयोग मिलता रहेगा।

नवनिर्वाचित प्रधान जी ने अपने सूक्ष्म उद्‌बोधन में सर्वप्रथम समस्त भारत के जांगिड समाज एवं विशेषकर राजस्थान का हृदय से आभार व्यक्त किया कि आपने पूरी निष्ठा एवं लगन से मेहनत कर विजयश्री दिलवाई है। मैं आशा करता हूँ कि भगवान विश्वकर्मा जी मुझे आपकी भावनाओं पर खरा उतरने की शक्तिप्रदान करेंगें। उन्होंने दिनांक 25 दिसम्बर, 2017 से जोधपुर में आयोजित हो रहे समाज के क्रिकेट के खेल में भी अधिक से अधिक समाज बन्धुओं को भाग लेकर खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने का भी आग्रह किया।

अन्त में महामंत्री श्री रमेशचन्द्र शर्मा ने मीटिंग में भाग लेने वाले प्रत्येक समाजबन्धु एवं मीटिंग में प्रत्यक्ष एवं परोक्ष रूप से सहयोग करने वाले महानुभाव का हृदय से आभार व्यक्त करते हुए सभी को सहभोज के लिए आमंत्रित किया एवं भगवान श्री विश्वकर्मा जी महाराज के नाम के जयघोष के साथ मीटिंग की कार्यवाही समाप्त करने की घोषणा की।

**-रमेश चन्द्र शर्मा** (महामंत्री)

## जांगिड ब्राह्मण विकास समिति जगतपुरा (जयपुर) की नवगठित कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण, नव वर्ष मिलन समारोह एवं पौषबड़ा का आयोजन सम्पन्न

8 जनवरी, 2018 को श्री विश्वकर्मा मन्दिर जगतपुरा में जांगिड ब्राह्मण विकास समिति द्वारा नवगठित कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण नव वर्ष मिलन समारोह एवं पौषबड़ा का आयोजन किया गया। समारोह की अध्यक्षता श्री बाबूलाल दणाऊ (जांगिड) तहसील अध्यक्ष सांगानेर द्वारा की गई। समारोह में सम्मानीय अतिथियों में श्री ओ.पी. शर्मा (से.नि. आर.ए.एस.), श्री बाबूलाल जांगिड बरखेड़ा तहसील अध्यक्ष चाकसू, श्री नाथूलाल जांगिड तहसील अध्यक्ष कोटखावदा एवं अध्यक्ष सामूहिक विवाह सम्मेलन चाकसू, श्री रामेश्वर प्रसाद जांगिड (मांगरोल) अध्यक्ष जांगिड समाज हस्तकला सेवा समिति राज. जयपुर, श्री लल्लू राम जांगिड तहसील अध्यक्ष जमुवारामगढ़, श्री गणेश नारायण जांगिड पूर्व सरपंच विधाणी, श्री हीरालाल अध्यक्ष सामूहिक विवाह सम्मेलन माचाड़ी, श्री चौथमल जांगिड उद्योगपति सांगानेर, श्री राजेश जांगिड पूर्व अध्यक्ष शाखा सभा रामपुरा रोड़ सांगानेर, श्री श्योजीलाल पालगंज (दूनी) पूर्व सरपंच, श्री भैरूलाल जांगिड गिरदावर (पूर्व महामंत्री जिला सभा टोंक), श्री राधेश्याम जांगिड जांगिड वेलफेयर सोसायटी मालवीय नगर, श्री आर.पी. शर्मा सम्पादक विश्वकर्मा टूडे मंचासीन हुए।

इससे पूर्व श्री बाबूलाल दणाऊ एवं अतिथियों ने मन्दिर में विश्वकर्मा जी की पूजा-अर्चना तथा सामूहिक आरती की।

सभी मंचासीन अतिथियों का माल्यार्पण एवं साफा बंधवाकर समिति के पदाधिकारियों एवं समाज बन्धुओं द्वारा सम्मान किया गया। श्री सुरेश जांगिड ब्लॉक अध्यक्ष बगरू विधान सभा क्षेत्र का भी सम्मान किया गया।

इस अवसर पर श्री ओ.पी. शर्मा (आर.ए.एस.) द्वारा उद्‌बोधन में समाज संगठन पर बल दिया तथा महिलाओं व बच्चों की सहभागिता पर भी जोर दिया तथा बताया कि हम दूसरे समाजों के सामने अभी संगठित नहीं है। युवाओं को अभी से ऐसे संस्कार देने चाहिए ताकि वे समाज व गतिविधियों के बारे में जानकारी मिलती रहे।

मंच संचालन श्री मोहन जांगिड जगतपुरा संरक्षक समिति द्वारा किया गया।

श्री बाबूलाल दणाऊ (अध्यक्ष) द्वारा नवगठित कार्यकारिणी को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलवाई गई।

इस अवसर पर श्री रमेश चन्द जांगिड रजमाणा, श्री जगदीश प्लाई, श्री गोपाल जी, श्री सूरजमल कोटखावदा, श्री रूपनारायण जांगिड बम्बाला, श्री जगदीश डूंगरी, श्री लल्लूलाल सिकराई आदि गणमान्य समाज बन्धुओं का भी माल्यार्पण कर सम्मानित किया गया।

नवगठित कार्यकारिणी में श्री बंशीलाल जांगिड अध्यक्ष, श्री अशोक कुमार शर्मा महामंत्री, श्री मुकेश कुमार जांगिड कोषाध्यक्ष, श्री दीनदयाल जांगिड उपाध्यक्ष, श्री कुन्दन लाल जांगिड प्रचार मंत्री, श्री

गिरिराज प्रसाद जांगिड प्रचार मंत्री, श्री सुरेश चन्द जांगिड सांस्कृतिक मंत्री, श्री लवकुश जांगिड संगठन मंत्री हैं, जिन्होंने शपथ ग्रहण की।

सैंकड़ों समाज बन्धुओं ने पौषबड़ा प्रसादी का आनन्द लिया।

अन्त में श्री बंशीलाल जांगिड द्वारा सभी अतिथियों एवं समाज बन्धुओं का आभार प्रकट किया।

**पांचाल महासभा राजस्थान प्रदेश द्वारा रक्तदान शिविर में 101 यूनिट रक्त संग्रहित**

7 जनवरी, 2018 को पांचाल महासभा राजस्थान प्रदेश की ओर से झोटवाड़ा तारानगर-ए स्थित गणेश मन्दिर में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता श्री शिवदयाल पांचाल द्वारा की गई। मुख्य अतिथि अ.भा. पांचाल महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. वेद प्रकाश पांचाल थे। प्रवक्ता श्री एम.सी. पांचाल द्वारा बताया कि शिविर में 101 यूनिट रक्त संग्रहित किया गया।

**ब्लॉक सभा जालसू द्वारा आयोजित पौषबड़ा, सम्मान समारोह एवं सामाजिक संगोष्ठी का आयोजन सम्पन्न**

दिनांक 9 जनवरी, 2018 को ब्लॉक सभा जालसू द्वारा आयोजित पौषबड़ा, सम्मान समारोह एवं सामाजिक संगोष्ठी का आयोजन दादर बावड़ी बाबा धाम पर जांगिड ब्राह्मण धर्मशाला में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि महासभा के प्रधान श्री रविशंकर शर्मा, अति विशिष्ट अतिथि प्रदेश सभा राजस्थान के प्रदेश अध्यक्ष श्री लखन शर्मा, विशिष्ट अतिथि जिला सभा जयपुर के अध्यक्ष श्री घनश्याम पंवार, पूर्व कार्यकारी प्रधान श्री बाबूलाल पंवार, पूर्व महामंत्री राजस्थान श्री कैलाश शर्मा (साली वाले), पूर्व उपप्रधान महासभा श्री शिवनारायण थानेदार, पूर्व उपाध्यक्ष राजस्थान श्री कज्जूलाल शर्मा (धानोता), युवा प्रकोष्ठ राजस्थान के अध्यक्ष श्री राहुल जांगिड थे।

कार्यक्रम में सबसे पहले भगवान विश्वकर्मा जी की पूजा-अर्चना की गई, उसके बाद नवनिर्वाचित प्रधान श्री रविशंकर जी का एवं नवनिर्वाचित राजस्थान प्रदेश अध्यक्ष श्री लखन शर्मा का सम्मान किया गया। उसके बाद आए हुए सभी अतिथियों का स्वागत किया गया। उद्बोधन में जिला अध्यक्ष श्री घनश्याम पंवार ने कुरीतियों को बंद करने पर जोर दिया, जिसमें खासतौर से मृत्युभोज एवं आंसू पोछनी को बंद करने के लिए सभी को आह्वान किया, उसके बाद श्री कैलाश शर्मा (साली वाले) ने उन्होंने कहा कि आपने एक सही नेतृत्व का चुनाव किया है। इससे समाज को एक नई दिशा मिलेगी एवं समाज नई ऊँचाई पर जाएगा व संगठन को मजबूत करेंगें। उनके बाद श्री कज्जूलाल शर्मा (धानोता) ने प्रधान जी से कहा कि आपन जहाँ भी चुनाव प्रचार में गए और जहाँ वादे किए, वह वादे जरूर निभाना, उसके बाद शिवनारायण थानेदार ने कहा कि संगठन को और मजबूत बनाने की जरूरत है, ऐसे समाज और आगे जाएगा। युवा प्रकोष्ठ के अध्यक्ष श्री राहुल जी ने भी अपने विचार व्यक्त किए एवं श्री बाबूलाल पंवार ने कहा कि आमेर तहसील का गठन किये हुए अभी ज्यादा दिन नहीं हुए हैं, उसके बाद भी जो विकास कार्य को उन्होंने किया है, वह काबिले तारीफ है। प्रदेश अध्यक्ष श्री लखन शर्मा ने कहा कि समाज को अभी शिक्षा के क्षेत्र में और कार्य करने की जरूरत है और मैं समाज के सभी संगठनों से आह्वान करता हूँ कि शिक्षा के क्षेत्र में ज्यादा से ज्यादा कार्य करें। उसके बाद राष्ट्रीय प्रधान श्री रविशंकर शर्मा ने कहा कि अपना समाज अभी राजनीति में धीरे-धीरे आगे आ रहा है और संगठन को मजबूत करके अपने समाज को और आगे लाना है। अभी अपना समाज राजनीति में सरपंच, प्रधान, जिला प्रमुख तक ही सीमित है। अगर अपने संगठन को मजबूत करेंगे तो वह दिन दूर नहीं जब हमारे एम.एल.ए., एम.पी. होंगें और उन्होंने कहा कि मैंने जो वादे किए हैं, उनको जरूर पूरा करूंगा और साथ ही उन्होंने कहा कि अगर सभी महासभा के लिए प्रतिदिन 1 रुपया भी करते हैं, तो महासभा को उसे बहुत संबल मिलेगा। मंच संचालन श्री माधव प्रसाद जांगिड ने किया।

अंत में ब्लॉक सभा अध्यक्ष अशोक कुमार जांगिड ने सभी का आभार व्यक्त किया, जिन्होंने धर्मशाला निर्माण में अपना सहयोग दिया उनका भी अंत:करण से आभार किया व सभी को भोजन के लिए आमंत्रित किया।

कार्यक्रम में झोटवाड़ा ब्लॉक अध्यक्ष श्री लल्लू नारायण (कटवारिया), चौमूं ब्लॉक सभा के अध्यक्ष श्री गिरधारी लाल, तहसील सभा रेनवाल के अध्यक्ष श्री कल्याण सहाय जांगिड, सेवा समिति चौमूं के अध्यक्ष श्री प्रहलाद पंवार, युवा प्रकोष्ठ जयपुर के जिलाध्यक्ष श्री कमल पंवार, लोकसभा चुनाव के पूर्व अध्यक्ष श्री राजेन्द्र पंवार, सेवा समिति के पूर्व अध्यक्ष श्री देवदत्त, अध्यक्ष श्री रामस्वरूप जांगिड, विकास समिति सोडाला अध्यक्ष श्री बाबूलाल सरपंच साहब। उनके साथ ही सुरेन्द्र कासलीवाल, दिनेश कड़वानिया, जिला सभा के कोषाध्यक्ष श्री भगवान सहाय कड़वानिया, प्रदेश सभा पूर्व संगठन मंत्री श्री राधे श्याम रेनवाल, तहसील सेवा आमेर के पूर्व अध्यक्ष श्री गौरीशंकर, श्री छगनलाल, हाथोज से श्री छितरमल, श्री मोहन किवाड़िया, जिला सभा के उपाध्यक्ष श्री गोपाल पाटोदिया, श्री रामपाल मोडी, श्री लल्लूराम, श्री रामसुख से कन्हैया लाल, श्री राम रतन, श्री नंदलाल, श्री रामेश्वर बरड़वा, श्री सीताराम अछोजाई, श्री ओमप्रकाश, श्री दामोदर जयरामपुरा, श्री प्रदीप, श्री पूरणपंवार, रामपुरा श्री रामायण, श्री लालचंद, रामपुरा श्री बजरंग, श्री जोधराज, चंपापुरा रामस्वरूप, श्री सीताराम, रायथल उद्योगपति श्री सीताराम, राधापुरा वाले, श्री धर्मेन्द्र भामोद वाले, श्री किशन सिरसी वाले, श्री ओमप्रकाश इंदौर, श्री कजोड़ चिथवाड़ी वाले, इनके अलावा काफी संख्या में समाज बंधुओं की उपस्थिति थी।

**धर्मशाला निर्माण में सहयोग प्रदानकर्ता :** श्री प्रभुदयाल, श्री धर्मन्द्र भामोद वाले 21000/-, श्री चौथमल गोठड़ीवाल बांसवाड़ा 11000/-, श्री गैंदीलाल, श्री गोविन्द, श्री शंकर, श्री सत्यनारायण 11000/-, जांगिड विकास समिति सोडाला 5100/-, श्री रमेश गोठड़ीवाल राजावास 5100/-, श्री ओमप्रकाश धाराणीया इंदोख्या 5100/-, श्री राधेश्याम मुंडली रेनवाल 5100/-

**विश्वकर्मा मन्दिर मारोठ में तहसील सभा नांवा की मीटिंग एवं पौषबड़ा महोत्सव सम्पन्न**

31 दिसम्बर, 2017 को श्री विश्वकर्मा मन्दिर मारोठ में पौषबड़ा महोत्सव का आयोजन किया गया तथा भगवान विश्वकर्मा जी को

भोग लगाकर प्रसादी वितरण की गई।

मन्दिर समिति कार्यकारिणी एवं तहसील सभा कार्यकारिणी के पदाधिकारियों सहित समाज बन्धु भी उपस्थित हुए।

मन्दिर समिति की मीटिंग मन्दिर अध्यक्ष श्री किस्तूरमल हर्षवाल की अध्यक्षता में की गई।

इसके पश्चात् तहसील सभा नावां की मीटिंग श्री हरिराम आसलिया तहसील अध्यक्ष की अध्यक्षता में आयोजित की गई, जिसमें गत बैठक की कार्यवाही पढ़कर सुनाई गई, जिसका सभी सदस्यों ने अनुमोदन किया गया एवं नावा तहसील की पारिवारिक जनगणना का कार्य भी पूर्ण हो चुका है। स्मारिका छपवाने के लिए विचार-विमर्श हेतु एक कमेटी का गठन किया गया, जिसमें निम्न सदस्य नियुक्त किए गए:-

श्री हरिराम आसलिया नावा, श्री किस्तूर मल हर्षवाल गोविन्दी, श्री रामेश्वर लाल आमेरिया पांचोता, श्री नोपाराम बरवाड़िया कांटिया, श्री मोहनलाल सीलक नावां।

उपरोक्त कमेटी विज्ञापन की दरे स्मारिक प्रकाशन के लिए तय कर विज्ञापन प्राप्त कर स्मारिका प्रकाशित कराएगी।

नावा तहसील एवं उपखण्ड मुख्यालय पर समाज के प्रतिभावान एवं आर्थिक रूप से कमजोर विद्यार्थियों के लिए जांगिड छात्रावास तथा एक सभा भवन के निर्माण हेतु समाज के प्रतिष्ठित समाज बन्धुओं से विचार-विमर्श कर सहयोग की अपील की गई।

श्री विश्वकर्मा मन्दिर मारोठ में आज तक जो भी अध्यक्ष एवं मंत्री रहे उनके नाम का सूचना पट्ट तैयार कर लगवाने के लिए मन्दिर अध्यक्ष से निवेदन किया गया।

अंत में भगवान श्री विश्वकर्मा जी के जयकारे के साथ सभा विसर्जित की गई।

**–हरिराम आसलिया** (अध्यक्ष तहसील नावा, नागौर)

## सामूहिक विवाह सम्मेलन समिति त्रिवेणी का गणेश प्रसादी का आयोजन सम्पन्न

31 दिसम्बर, 2017 को जांगिड ब्राह्मण त्रयोदश सामूहिक विवाह सम्मेलन समिति त्रिवेणी धाम (शाहपुरा) जयपुर में त्रयोदश सामूहिक विवाह सम्मेलन की गणेश प्रसादी का आयोजन रामलीला भवन, त्रिवेणी धाम में आयोजित किया गया। महामंत्री श्री लखन लाल शर्मा ने अतिथियों को मंचासीन करवाया, भगवान विश्वकर्मा की पूजा-अर्चना के पश्चात् सभी अतिथियों को पुन: मंचासीन का आग्रह किया गया। समारोह की अध्यक्षता श्री मदनलाल पंवार कार्यकारी अध्यक्ष द्वारा की गई। तहसील अध्यक्ष श्री मामराज चिचावा मुख्य अतिथि रहे। समारोह के अतिविशिष्ठ अतिथि नवनिर्वाचित राष्ट्रीय प्रधान अ.भा.जां.ब्रा. महासभा दिल्ली श्री रविशंकर शर्मा (जांगिड), नवनिर्वाचित प्रदेशाध्यक्ष राज. श्री लखन शर्मा, जिलाध्यक्ष जयपुर श्री घनश्याम पंवार (जांगिड), ब्लॉक अध्यक्ष चौमूं श्री गिरधारी लाल भादरिया, पूर्व महासभा उपप्रधान श्री फूलचन्द पंवार, श्री रामजीलाल पनियाला, श्री आनन्द लाल पावटा, तहसील अध्यक्ष जमवारागढ़ श्री लल्लू राम जांगिड आदि अतिथियों का श्री बाला सहाय चिचावा, श्री सत्यनारायण हरसोलिया, श्री राजेश जांगिड मनोहरपुर, श्री शंकर लाल, श्री रामगोपाल खुडानिया, श्री कन्जूलाल धानोता, श्री मदनलाल हरसोलिया, श्री कैलाश सिरोही, श्री बाबूलाल धानोता आदि ने माल्यार्पण, शॉल एवं साफा बंधवाकर भावभीना स्वागत किया।

वक्ताओं द्वारा समाज में व्याप्त कुरुतियों, शिक्षा एवं फिजूल खर्ची पर प्रकाश डाला। महामंत्री लखन लाल द्वारा आय-व्यय का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया।

इस समारोह में उपस्थित सभी समाज बन्धुओं ने श्री लखन लाल नायन को सर्वसम्मति से एक ध्वनिमत से आगामी सामूहिक विवाह सम्मेलन समिति का अध्यक्ष चुना गया और साथ ही 2018 में पड़ने वाली देवउठनी एकादशी को चतुर्थदर्शी सामूहिक विवाह सम्मेलन की घोषणा की गई।

मंच संचालन श्री लखन लाल नायन द्वारा किया गया। अन्त में सभी आगन्तुक समाज बन्धुओं एवं अतिथियों को सहभोज के लिए आमंत्रित किया।

**–लखन लाल** (महामंत्री)

## जिला सभा जयपुर के तत्वावधान में विश्वकर्मा जयंति के पूर्व दिवस पर विशाल शोभा यात्रा एवं वाहन रैली का आयोजन

28 जनवरी, 2018 को जिला सभा जयपुर के तत्वावधान में विश्वकर्मा जयंति के पूर्व दिवस पर विशाल शोभा यात्रा एवं वाहन रैली का आयोजन सम्पन्न होगा, जिसमें समस्त जांगिड समाज की संस्थाओं द्वारा भगवान विश्वकर्मा की आकर्षक झांकियाँ रहेंगी तथा समाज बन्धुगण अपने-अपने वाहनों से रैली के रूप में अनुशासित होकर एक साथ चलेंगें।

शोभायात्रा का मार्ग : शोभा यात्रा प्रदेश सभा भवन विद्याधर नगर से प्रात: 11.15 बजे प्रारंभ होकर अल्का टाकीज, सीकर रोड, चौमूं पुलिया, झोटवाड़ा पुलिया, खातीपुरा तिराहा, क्वीन्स रोड, अजमेर रोड, अजमेर पुलिया, गवर्नमेन्ट हॉस्टल चौराहा, एम.आई. रोड. अजमेरी गेट, न्यू गेट, सांगानेरी गेट, घाट गेट होती हुई घाट की गुणी विश्वकर्मा मंदिर में पहुँचेगी। इसमें सभी सहयोगी संस्थाएं, ट्रस्ट, विकास समितियाँ, मन्दिर समितियाँ, शाखा सभाएं, तहसील सभाएं, ब्लॉक सभाएं, सभी बास समितियाँ, एसोसिएशन, धर्मशाला समितियाँ आदि भाग लेंगी।

निवेदक : श्री रविशंकर शर्मा प्रधान महासभा, श्री लखन शर्मा प्रदेशाध्यक्ष राज., श्री राहुल जांगिड पूर्व प्रदेशाध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ

विनित : श्री घनश्याम शर्मा (पंवार) जिलाध्यक्ष जयपुर मो. 9829052920, श्री हनुमान कोलाया कार्यकारी अध्यक्ष मो. 9928787765, श्री सीताराम टटेरा वरिष्ठ उपाध्यक्ष मो. 7014053200, श्री रमेश चन्द्र शर्मा महामंत्री मो. 9829846217 एवं समस्त कार्यकारिणी जिला सभा जयपुर

अत: सभी समाज बन्धुओं से निवेदन है कि अपने परिवार एवं ईष्ट मित्रों सहित शोभा यात्रा में शामिल होकर भगवान् विश्वकर्मा जी का आशीर्वाद प्राप्त करें।